वर्ष- 21 अंक - 343 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शुक्रवार 29 मई 2026

# आंधी-तूफान से गिरा निर्माणाधीन पुल

## 6 मजदूरों की मौत, कई मलबे में दबे



**हमीरपुर ● एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में देर रात आए तेज तूफान के दौरान बेतवा नदी पर बन रहे एक निर्माणाधीन पुल का बड़ा हिस्सा अचानक भरभराकर ढह गया। इस हादसे में अब तक छह मजदूरों की मौत हो गई है और कई मजदूरों के मलबे में दबे होने की भी आशंका हैं। ऐसे में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। उधर राजस्थान के श्रीगंगानगर में भीषण गर्मी के बीच ओले गिरे। मध्यप्रदेश के ग्वालियर और मुरैना में भी नौतपा के बीच बारिश हुई।

### ओडिशा में तीन मरे

ओडिशा में पिछले 24 घंटे में बिजली गिरने और तूफान से 3 लोगों की मौत हुई है। मयूरभंज, क्योंझर, राउरकेला और अंगुल जिलों में 250 से ज्यादा घरों को नुकसान हुआ। कई पेड़ उखड़ गए।

## न्यूज़ ब्रीफ...

### ममता की पार्टी और बंगाल में भागमभाग

**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में ममता की हार और भाजपा की सरकार बनने के बाद ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के साथ-साथ बंगाल में भी भागमभाग की स्थिति बनी हुई है। यहां से अवैध बांग्लादेशी बड़ी तादाद में बंगाल छोड़कर बांग्लादेश भाग रहे हैं। अब तक तृणमूल के 127 पार्षद इस्तीफा दे चुके हैं और 181 तृणमूल नेताओं पर एफआईआर हो चुकी है, कई गिरफ्तार भी हो चुके हैं। आंकड़ों के मुताबिक 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद 150 से ज्यादा सांसद और विधायक अपनी पार्टियां छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। हर दल के नेताओं का रूख भाजपा की तरफ दिखाई दे रहा है। हाल ही में आप के 7 राज्यसभा सांसद भी भाजपा में शामिल हुए थे।

### ट्रंप नोट पर छपवाएंगे अपना फोटो

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका में 250 डॉलर का नया करेंसी नोट लाने की तैयारी चल रही है, जिस पर राष्ट्रपति ट्रंप की तस्वीर हो सकती है। ट्रम्प 14 जून को 80 साल के हो जाएंगे। इस मौके पर व्हाइट हाउस में अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप के मुकाबले कराए जाएंगे।

## पंजाब निकाय चुनाव में 'आप' ने मारी बाजी

**अमृतसर.एजेंसी। पंजाब में हुए निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी आगे चल रही है। आप पहले ही 63 सीटों पर निर्विरोध जीत चुकी है। सुबह 9:20 बजे तक आम आदमी पार्टी 78 सीटों पर जीत हासिल कर चुकी थी, जबकि 42 पर आगे चल रही है। वहीं, अकाली दल 18 सीटें जीतकर 19 पर आगे चल रही है। कांग्रेस के खाते में 10 सीटें गईं हैं, जबकि 11 पर लीड कर रही है। भाजपा को एक सीट पर जीत मिल चुकी है और वह 8 पर आगे चल रही है।**



## कर्नाटक में बनेंगे 4 डिप्टी सीएम

### *सिद्धारमैया का इस्तीफा मंजूर, शिवकुमार की शपथ अगले हफ्ते*

**बेंगलुरु.एजेंसी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का इस्तीफा राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मंजूर कर लिया। अब यहां शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया। वे अगले हफ्ते शपथ ले सकते हैं। उनकी सरकार में 4 उप मुख्यमंत्री हो सकते हैं। 29 मई को कांग्रेस विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें शिवकुमार को नया नेता चुने जाने की संभावना है।**

## महाकाल राजी तो क्या करेगा काजी...

**उज्जैन (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** उज्जैन के महाकाल मंदिर में युवक और युवती द्वारा रिंग सेरेमनी करने पर बवाल मच गया। सोशल मीडिया पर दिल्ली के पुलकीत मल्होत्रा और गिन्नी ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट किया जिसमें दोनों महाकाल मंदिर के गणेश मण्डप में रिंग पहनाते हुए नजर आ रहे है। उन्होने यह भी लिखा जब महाकाल राजी तो क्या करेगा काजी...वीडियो सामने आने के बाद मंदिर प्रशासन हरकत में आ गया। दोनों से वीडियो डिलीट करवाई गई और जिस प्रोटोकाल के रास्ते उनकी व्यवस्था करवाई गई थी उस व्यवस्था करवाने पर भी सवाल उठाए जा रहे है। वीडियो को 24 घंटे के भीतर 8 लाख से ज्यादा लोगों ने पसंद किया है। उल्लेखनीय है कि महाकाल मंदिर में मोबाइल का उपयोग प्रतिबंधित है।

## मथुरा के परिक्रमा मार्ग में ताबड़तोड़ फायरिंग से हड़कंप

**मथुरा.एजेंसी।** मथुरा के महोली गांव में पुरुषोत्तम मास की चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग में भंडारा लगाने और पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान खुलेआम हुई ताबड़तोड़ फायरिंग में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने तत्काल छह आरोपियों को हिरासत में लेकर अवैध हथियार बरामद किए।



### नमाज के बाद दो गुटों में झड़प, 12 घायल

हरियाणा के नूंह जिले के थाना बिछोर क्षेत्र के गांव सिंगार में बकरीद के दिन नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के दो पक्षों के बीच खूनी झड़प हो गई। पुरानी रंजिश को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक मारपीट में बदल गया। इस घटना में एक गर्भवती महिला समेत करीब 12 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

## कोटा के जगदीश मंदिर में अनोखी परंपरा...

# 200 किलो आम रस के भोग से भगवान बीमार!

**कोटा ● एजेंसी**



राजस्थान के कोटा स्थित ऐतिहासिक जगदीश मंदिर में 300 वर्ष पुरानी अनोखी परम्परा निभाई जाती है। ज्येष्ठ पूर्णिमा पर भगवान ज़गदीश, बलभद्र और सुभद्रा को 200 किलो आम रस का विशेष भोग लगाया जाता है। परम्परा अनुसार पहले भगवान का 51 जल कलश और पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा जिसके बाद विशेष भोग लगेगा। रात को शयन के लिए पट बंद होंगे। इसके बाद 14 दिनों तक भगवान को विशेष बीमारी अवकाश दिया जाता है। मान्यता है कि भीषण गर्मी में ठण्डे जल से स्नान और आम रस के भोग ग्रहण करने के बाद भगवान अस्वस्थ हो जाते है जिसके बाद 14 दिनों तक पुजारी प्रतिदिन भगवान के स्वास्थ्य की प्रतीकात्मक देखभाल करते है और उन्हें दूध और काली मिर्च का काढ़ा अर्पित करते है। इस दौरान मंदिर में घंटियां, झालर को कपड़े से ढंक दिया जाता है जिससे बिना किसी व्यवधान के भगवान आराम कर सकें।

## ईरान ने किया अमेरिकी विमान मार गिराने का दावा

**तेहरान.एजेंसी।** स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के आसपास तनाव के बीच ईरान ने दक्षिणी इलाकों से मिसाइल लॉन्च ऑपरेशन चलाने का दावा किया है। ईरानी मीडिया ने बुशेहर प्रांत में धमाकों और एक अमेरिकी विमान को मार गिराने की खबर दी, लेकिन अमेरिका ने इसे खारिज कर दिया। पूरे घटनाक्रम ने मिडिल ईस्ट में तनाव और बढ़ा दिया है।

# विधायक ने सुनी प्रदर्शनकारियों की बात

## मामला गुलमोहर कॉम्प्लेक्स में विस्थापितों को बसाने का

**समर्थन में उतरे अमलतास और स्कीम-136 के रहवासी, विरोध तेज**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



गुलमोहर काम्पलेक्स के रहवासी का विरोध विस्थापितों को बसाने का है, जहां इंदौर विकास प्राधिकरण विस्थापितों को बसा रहा है इसके विरोध में रहवासियों ने अपना विरोध शुरू किया। महत्वपूर्ण बात यह हुई कि गुलमोहर काम्पलेक्स के रहवासियों ने विरोध का बिगुल बजाया तो उनका साथ देने अमलतास और स्कीम नं. 136 के रहवासी भी साथ हो गए। साथ मिलने के बाद गुलमोहर काम्पलेक्स के रहवासियों में और ताकत का इजहार हुआ, विरोध को तेज किया, जन समर्थन मिलने के बाद अब जनप्रतिनिधि भी रहवासियों के बीच पहुंचने लगे हैं, विधायक रमेश मेंदोला भी पहुंचे और उन्होंने पूरी बात सुनी और कहा कि वे इंदौर विकास प्राधिकरण से इस मामले में चर्चा करेंगे। इसके पहले बुधवार को भी रहवासी एकत्रित हुए और उन्होंने इंदौर विकास प्राधिकरण के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन भी किया था। विरोध बढ़ने पर विधायक रमेश मेंदोला खुद प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे और उन्होंने यहां तक कहा कि वे सीधे अधिकारियों से बात करेंगे। पार्षद मनोज मिश्रा भी मौजूद रहे। रहवासी संघ के ममता पांचाल, रौनक राय, सुरेन्द्र पाल, अंकित सीमा चौधरी ने समस्या विधायक-पार्षद को बताई और यह भी कहा कि वे प्राधिकरण कार्यालय में जाकर आपत्तियां दर्ज करा चुके हैं और ज्ञापन भी दे चुके हैं। अब सीधी-सीधी विधायक के समक्ष यह बात कही गई कि अगर प्राधिकरण ने उनकी बात नहीं मानी तो वे भूख हड़ताल, पुतला दहन और प्राधिकरण कार्यालय पर उग्र प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे। यह भी रहवासियों ने बताया कि एलआईजी श्रेणी के गुलमोहर कॉम्प्लेक्स में कुल 334 फ्लैट्स निर्मित हैं, जिनमें से वर्तमान में केवल 90 फ्लैट्स ही खाली हैं। इन फ्लैट्स का आकार 667 वर्ग फीट है। इसके विपरीत, जिन विस्थापित परिवारों को यहां बसाने की तैयारी की जा रही है, उनकी संख्या 200 से अधिक है। ऐसे में सभी परिवारों को यहां समायोजित करना पूरी तरह असंभव है, जिससे आने वाले समय में गंभीर कानूनी पेच फंसना तय है। रहवासी संघ को यह भी चिंता है कि विस्थापित मेंटेनेंस खर्च भी नहीं देंगे और रखरखाव में भी उससे दिक्कत खड़ी होगी।



## भार्गव ने किया भाजपा प्रशिक्षण वर्ग स्थल का निरीक्षण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने 30-31 मई को भारतीय जनता पार्टी द्वारा इंदौर में आयोजित होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग के पूर्व कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं, बैठक व्यवस्था, पार्किंग एवं अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## मुख्यमंत्री ने किया प्राचीन अहिल्या कुंड का निरीक्षण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल इंदौर पहुंचे तो उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील को ध्यान रखते हुए कल पेट्रोल-डीजल बचाने की पहल में अधिकारियों के साथ 16 सीटर गाड़ी में सफर किया। पहले ही मुख्यमंत्री अपने काफिले की गाड़ियों की संख्या कम कर चुके हैं। मुख्यमंत्री कल इंदौर से उज्जैन के लिए सड़क मार्ग से रवाना हुए उसके पहले उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्राचीन अहिल्या कुंड के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर जल संरक्षण के प्रति जनजागरण का संदेश दिया। उन्होंने ग्रामीणों को उद्बोधन देते हुए जल गंगा अभियान की जानकारी दी और सभी से जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। जल बचा कर आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अपने संबोधन में संत कबीरदास एवं संत रहीम के दोहों का उल्लेख करते हुए जल की महत्ता को सरल एवं प्रेरणादायी ढंग से समझाया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में जल को जीवन, संवेदना और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। उन्होंने ग्रामीणों से वर्षा जल संरक्षण, तालाबों और कुंडों के संरक्षण तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग का आग्रह किया। इस दौरान मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, गौरव रणदिवे, श्रवणसिंह चावड़ा, अधिकारियों में शिवम वर्मा, संतोषकुमार सिंह, सिद्धार्थ जैन, मनोजकुमार सिंह, राजेन्द्र वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



## कांग्रेस झोन प्रभारी नायडू इंदौर आकर उज्जैन गई

*आज से जिलों का करेंगी दौरा*

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। प्रदेश कांग्रेस की सहप्रभारी और इंदौर झोन प्रभारी उषा नायडू कल शाम इंदौर पहुंची तो उनका कांग्रेसियों ने स्वागत किया। नायडू बाद में जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े और साथियों के साथ उज्जैन महाकाल दर्शन करने पहुंची। वापस इंदौर आई और आज से नायडू अपने झोन के जिलों का दौरा करेंगी।

## चार मातृशक्तियों का होलकर पगड़ी पहनाकर सम्मान




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

अहिल्या माता के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में चार मातृशक्ति भारती ठाकुर, डॉ. माधुरी यादव, भारती कुशवाह, क्रांति जोशी को होलकर पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। साथ में प्रत्येक को एक लाख 11 हजार रुपये की सम्मान निधि भी प्रदान की। आयोजन जाल सभागृह में हुआ। इस मौके पर उषा ठाकुर, जनक पलटा, मानवेन्द्र त्रिवेदी, सुनील मतकर, डॉ. राजीव शर्मा, राकेश दांगी मौजूद थे। चारों मातृशक्तियों ने उद्बोधन भी दिया। डॉ. योगेंद्रनाथ शुक्ल, अनिता मतकर, हरीश भागवत, ज्योति तोमर, प्रदीप गावड़े, पंकज उपाध्याय, जयंत भिसे, सुनयना शर्मा, सुनील मतकर, रेणुका पिंगले, शारदा लाहोरे, अर्पणा मतकर, प्रफुल्ल कस्तुरे उपस्थित थे।

## अजा आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष से प्रतिनिधि मंडल मिला



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य से जननायक कपूरी ठाकुर ओबीसी संगठन का प्रतिनिधिमंडल आर्य के निवास सेंधवा में मिला। सेन समाज को अति पिछड़ा वर्ग का लाभ प्राप्त हो को लेकर इसमें सहयोग करने का निवेदन किया। आर्य ने सेंन समाज को अति पिछड़ा वर्ग का लाभ प्राप्त हो इसके लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। सुभाष वर्मा सेन, आनंदराव जगताप, हरि सेन मौजूद थे।




# सांसद और पार्षद पर होना चाहिए न्यायालय अवमानना की याचिका -कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि उच्च न्यायालय आदेश की अवहेलना करने वाले सांसद एवं पार्षद पर न्यायालय अवमानना याचिका दायर हो। इंदौर में जल संकट है, सबको पता है, पानी की टंकी का निर्माण उचित जगह पर हो सबकी ईच्छा होती है। पंरतु इंदौर शहर में अधिकांश पानी की टंकियों का निर्माण बगीचों में किया गया है। बगीचों में पानी की टंकी फिर झोन दफ्तर या नगर निगम कार्यालय का दफ्तर, चौकीदार निवास आदि आदि फिर टैंकरों के भरने की व्यवस्था, मतलब जहां टंकी बनी उसके आसपास के रहवासियों का जीवन अशांति की कैद में। रानी सती क्षेत्र में टंकी निर्माण के खिलाफ याचिका दायर हुई, उच्च न्यायालय ने स्थगन आदेश दिया। क्या इंदौर के सांसद शंकर लालवानी एवं महापौर परिषद सदस्य नंदकिशोर पहाड़ियां को पता नहीं है कि उच्च न्यायालय का स्थगन है अगर जो भी फैसला करवाना है अदालत माध्यम से ही होगा।

मप्र में भाजपा की सरकार है, केंद्र में भाजपा की सरकार है, नगर निगम में परिषद् एवं महापौर भाजपा का है। महापौर पहले अपर महाधिवक्ता रहे हैं, आज भी नगर निगम में सरकारी वकीलों की टीम है, सरकारी वकील हैं तो स्थगन आदेश, खिलाफ मामला उच्च न्यायालय में दायर हो, उच्च न्यायालय में अवकाश है तो फिर बाद में दायर करें, क्या आज अभी की अभी टंकी बन जायेगी, अभी पानी मिल जाएगा। उच्च न्यायालय आदेश की अवमानना जनप्रतिनिधि गणों व्दारा की जा रही है। जनता को भड़काया जा रहा है, अपनी असफलताओं को छुपाया जा रहा है। मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता एड्वोकेट प्रमोद कुमार व्दिवेदी ने महापौर से सवाल किया क्या ऐसे महापौर परिषद सदस्य हैं आपकी टीम में, क्या ऐसे सांसद हैं जो पार्षद फिर सभापति और दूसरी बार के सांसद हैं। भाजपा के इस ढोंग पाखण्ड एवं नौटंकी पर क्या जबाब है।

# छावनी व्यापारियों के साथ फिर हो सकता है धोखा



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**सामाजिक कार्यकर्ता और मारुति नंदन बालाजी सेवा संस्थान के अध्यक्ष रामबाबू अग्रवाल एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव रामस्वरूप मंत्री ने छावनी में तोड़फोड़ की निंदा करते हुए आरोप लगाया कि शासन और प्रशासन छावनी के व्यापारी और दुकानदारों के साथ धोखा कर रहा है।**

उन्होंने कहा कि अभी 60 फीट के हिसाब से दुकानें तोड़ी गई है, जबकि नोटिफिकेशन 80 फीट का ही है। 60 फीट का नोटिफिकेशन नहीं होने से कभी भी फिर तोड़फोड़ हो सकती है। मास्टर प्लान में यह रोड 80 फीट की ही है, लेकिन जनप्रतिनिधियों ने जनता के साथ धोखा करते हुए अभी 60 फीट के मान से तोड़फोड़ करवाई है । जनप्रिनिधियों ने हालांकि जनता को आश्वस्त किया है कि रोड 60 फीट की ही बनेगी, लेकिन जब तक गजट नोटिफिकेशन नहीं होता है सड़क मास्टर प्लान में 80 फीट की ही रहेगी और कभी भी फिर तोड़फोड़ की संभावना बन सकती है। उन्होंने छावनी के मकान मालिकों, दुकानदारों से आग्रह किया है कि वह अपने जन प्रतिनिधियों पर दबाव बनवाए की इस सड़क को 60 फीट का ही रखने का गजट नोटिफिकेशन करवाए। अग्रवाल एवं मंत्री ने राज्य शासन से भी मांग की है कि जिस तरह से किसानों को भूमि अधिग्रहण पर चार गुना बाजार भाव से मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है उसी तरह से छावनी के व्यापारियों, दुकानदारों को भी बाजार भाव से चार गुना मुआवजा दिया जाए, तभी उनकी जमीन ली जाए, अपनी पुश्तैनी जमीन का चार गुना मुआवजा पाना उनका नैतिक और मौलिक अधिकार है। अतः सरकार जिनकी भी दुकानें तोड़ी गई है मकान तोड़े गए हैं, उन्हें चार गुना मुआवजा दे।

## अभी 60 फीट के हिसाब से मकान तोड़े हैं लेकिन नोटिफिकेशन नहीं हुआ है, कभी भी 80 फीट के हिसाब से फिर तोड़े जा सकते हैं मकान

# गाय को तुरंत राष्ट्रीय पशु घोषित करो

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पार्षद के भावी दावेदार राजा टोनेरे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा और कहा कि यह पत्र 14वर्षीय गौमाता की ओर से लिखा जा रहा है। बढ़ती उम्र के बाद गाय काटने की स्वीकृति नहीं होना चाहिए और अब तो हिन्दू के बाद मुस्लिम समाज भी गाय को राष्ट्रीय पशु गौमाता घोषित करने के लिए सहमत है, इसलिए अब केन्द्र सरकार को गाय को तुरंत राष्ट्रीय पशु घोषित कर देना चाहिए, गौमांस एक्सपोर्ट पूरी तरह बन्द करना चाहिए। धर्मगुरु शंकराचार्य भी गाय मुद्दे पर राष्ट्रीय पशु की मांग कर रहे है। राजा टोनेरे ने कहा कि गाय काटने के मामले में अगर सरकार से परमिशन नहीं ली ओर टैक्स का पैसा नहीं दिया तो गाय काटना अवैध ओर सरकार को टैक्स का पैसा देकर परमिशन ली है तो गाय काटना वैध? ये कैसे हो सकता है? सरकारी परमिशन के बाद गाय गाय नहीं रहती क्या? वैध-अवैध सारे कत्लखाने उसी फुर्ती से तुरंत बन्द करवाओ..जिस तरह नोटबन्दी ओर लाकडाउन किया था.. गाय काटने वाले को सीधे फांसी की सजा दो.. एक उम्र के बाद माता-पिता... माता-पिता नहीं रहते क्या? तो 14 साल की गोमाता को काट सकते हैं ऐसा कोई नेता मन्त्री कैसे बोल सकता है?

# माहेश्वरी समाज पूर्वी क्षेत्र चुनाव में जिला प्रतिनिधि में भी एक ही पैनल का पूरा कब्जा

## 6 फार्म विरोधियों ने लिए थे, लेकिन जमा करने की हिम्मत नहीं कर पाए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

श्री माहेश्वरी समाज पूर्वी क्षेत्र के कार्यकारी मंडल और पदाधिकारियों के चुनाव रविवार 24 मई को हुए थे और इस चुनाव में 71 के कार्यकारी मंडल में 54 सदस्य सीपी हेड़ा टीम के जीते थे और संजय मानधन्या टीम के केवल 17 ही लोग जीत पाए थे और इसमें भी एक पुराने अध्यक्ष तो चुनाव तक हार गए थे। एक टीम की हार का लोगों ने 6 मुद्दों पर आंकलन भी किया था, जिसमें महेश्वरम के चुनाव का मुख्य मुद्दा था, अब कल जिला कार्यकारिणी के 20 प्रतिनिधियों के चुनाव थे। इसके लिए कमजोर टीम की ओर से 6 फार्म खरीदे गए थे, लेकिन संभावित हार से इन लोगों ने फार्म ही जमा नहीं किए। इस तरह सीपी हेड़ा टीम के 20 ही सदस्यों का जिला कार्यकारिणी प्रतिनिधि मंडल में जीत हो गई। वहीं क्षेत्रीय कार्यसमिति में भी यही स्थिति बनी और सीपी हेड़ा टीम के 23 लोग निर्विरोध चयनीत हो गए। यहां भी कमजोर टीम नामांकन दाखिल नहीं कर सकी और इस तरह टीम हेड़ा के 20 सदस्य जिला प्रतिनिधि में मनीष माहेश्वरी आगार, विपिन बागला, नीरज चांडक, राजेश डागा, महेन्द्र डागा, सुरेशप्रकाश हेड़ा, संतोष हेड़ा, राजीव काबरा, महेश लड्ढा, राकेश लखोटिया, प्रकाश माहेश्वरी, दिनेश माहेश्वरी, राजेन्द्र मूंदड़ा, मनीष न्याती, मधुरम राठी, रामकिशोर राठी, शैलेशकुमार सोढानी, राधेश्याम सोमानी, शंकरलाल सोमानी, राजीव सोमानी और अध्यक्ष डॉ. सीपी हेड़ा एवं मंत्री ओपी हेड़ा के नाम शामिल है। वहीं 23 सदस्य स्थानीय कार्यसमिति में चयनीत हो गए। कार्यकारी मंडल, पदाधिकारी, जिला प्रतिनिधि और क्षेत्रीय कार्यसमिति में टीम हेड़ा की जीत का श्रेय गौरीशंकर लखोटिया, उमाशंकर लखोटिया, रामअवतार जाजू, प्रेम जाजू, सुरेश बियाणी, रविन्द्र राठी, राजेश मुंगड़, अशोक ईनानी, राकेश लखोटिया, शैलेष सोढानी, रामकिशोर राठी, मधुरम राठी, अरविंद करनानी, डॉ. नारायण बियाणी, ओमप्रकाश हेड़ा, महेश लड्ढा, शरद बंग, विवेक झंवर, शंकर सोमानी, विपिन बागला, मनीष आगार, मनीष न्याती, प्रकाश माहेश्वरी सहित अन्य का सहयोग रहा।

# जैन समाजजन बड़े पद के बाद और चाहते हैं पद

## कुछ ने लिखा 10 सक्रिय कार्यकर्ता बहुत है, 100 नामधारी की जरूरत नहीं

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। अभी भी दो दिगम्बर जैन सामाजिक संसद चल रही है और दोनों ही संसद ने विधान से ज्यादा पदाधिकारी भरपूर बना दिए गए हैं। अब जैन समाज के सोशल मीडिया ग्रुप पर चर्चा चल रही है कि हर घर से पदाधिकारी बना दिए जाए, हर कोई अब चाहता है कि किसी ना किसी सामाजिक संसद में उन्हें पद मिल जाए, कुछ लोग तो यह भी लिख रहे हैं कि उन्हें दोनों संस्थाओं में पद मिल जाए और जिस क्षेत्र में वे रहते हैं मंदिर में भी पदाधिकारी बन जाए। इस पर दूसरे लोगों की भी प्रतिक्रिया आई है कि इतने ज्यादा पदाधिकारियों से समाज आगे नहीं बढ़ेगा, जबकि 10 सक्रिय कार्यकर्ता हो तो समाज आगे बढ़ता है और अगर 100 से ज्यादा नामधारी पदाधिकारी हो तो संगठन कागज पर ही सिमट जाता है। इसलिए संगठन में सक्रिय कार्यकर्ता होना चाहिए, ज्यादा नाम वाले लोग काम करने के बजाए काम में रोड़ा पैदा करते हैं। कुछ ने लिखा कि दोनों सामाजिक संसद राजनीतिक पार्टी में बनकर रह गई है और काम करने के बजाए नाम कर रही है। कुछ ने लिखा कि पद कम हो, कुछ ने लिखा कार्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए और समाज में सम्मान केवल पद से नहीं बल्कि योगदान से मिले। वरना स्थिति यही बनेगी कि जिनके पास पद है वे व्यस्त दिखेंगे, और जिनके पास नहीं है वे चिंतित रहेंगे कि 'हममें क्या कमी रह गई?' समाज को संख्या वाले पदाधिकारी नहीं, परिणाम देने वाले कार्यकर्ता चाहिए। इतना लिखने के बाद भी लोग व्यंग के रूप में हर घर से पद मांग रहे हैं, कुछ ने तो लिखा कि हर घर से पदाधिकारी दोनों सामाजिक संसद में बना दो, जिससे कार्यक्रमों में हर घर से सदस्य बनेंगे और लाइन लग जाएगी। कुछ ने लिखा कि इतने पदाधिकारी है और बाकी कतार में हैं, फिर भी जैन समाज की धर्मशाला नहीं है।

# पानी की रिपोर्ट प्रस्तुत करने पहुंचे पटवारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिदि )। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी आज प्रेस क्लब में मीडिया के समक्ष इंदौर में पानी की स्थिति को लेकर आई रिपोर्ट की जानकारी देने के लिए पहुंच गए हैं। गंदे पानी और अन्य मामलों में वे कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में शहर-जिला अध्यक्ष की मौजूदगी में चर्चा कर रहे हैं। इस पीसी पर भाजपा की भी निगाह लगी हुई है। आज पटवारी की प्रेस कॉन्फ्रेंस को अटेंड करने मीडियाकर्मी भी पहुंच गए और बड़ी संख्या में कांग्रेसी भी प्रेस क्लब के अंदर और बाहर मौजूद हैं, क्योंकि पटवारी बड़ा खुलासा कर रहे हैं।**

## हालात-ए-गणतंत्र

दर्द-ए-जैन समाज
इंदौर जिलाधीश के नाम खुला पत्र
श्रीमान एक अतिसंवेदनशील मुद्दे पर
हम मिलना चाह रहे थे
रीवा में एक्सीडेंट कर जैन साध्वीयों की
निर्मम इरादतन साज़िश के तहत हुई
हत्या के मामले में
श्रीमान
ना हम पानी मांगने आए थे
ना ही शुद्ध आक्सीजन
ना ही आईडीए व सहकारिता के
डकैतों से प्लाट दिलाने की गुहार लगाने आए थे
ना महंगाई पर शिकायत करने आए थे
ना ही मिलावटियों की शिकायत करने आए थे
ना सड़क के गड्ढों का दुख सुनाने आए थे
और ना हम ज्ञापन देना चाहते थे
श्रीमान से
हम अपनी तीन बात कहना चाह रहे थे
पहली -
इरादतन साज़िश के तहत हुई हत्या की
सीबीआई जांच हो
दूसरा-
हत्यारे व साज़िश कर्ता को
फाँसी की सजा शीघ्र हो
तीसरा-
साधु व साध्वीयों की सुरक्षा हेतु
राष्ट्रीय सुरक्षा कानून बने
व पैदल विहार में सुरक्षा प्रोटोकॉल मिले
पर अफ़सोस आपको यह सब
सुनने का समय नहीं मिला
हजारों महिला पुरुष बच्चे हम चार घण्टे बैठे रहे
आप पर जूँ तक नहीं रेंगी
मामला हमारी संस्कृति की हत्या का था
हमारी आत्मा पर सीधी चोट थी
हम आक्रोश में थे और हैं भी
लेकिन आपकी असंवेदनशीलता चार घंटे
भूखे प्यासे बैठे धर्मानुरागियों पर नहीं पसीजी
आप प्रोटोकॉल का कोट ओडकर बैठे रहें
इतने संवेदनशील मुद्दे पर
आपका उपस्थित ना होना
मानवीयता के खिलाफ तो है ही
संविधान के खिलाफ भी है
या यों कहें हम अहिंसा वादी होने का फल
भोग रहे है
धन्यवाद, दर्द है
स्नेह बनाएँ रखें
सुना है 28/5/2026 को भी
जैन संत की राजकोट में दुर्घटना में
देव लोक गमन हो गया है,
बेहद दुखद

-नकुल रतन पाटोदी

# जिंसी के बंद रास्ते से गुजर रही हैं सैकड़ों गाड़ियां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के द्वारा कल से 3 महीने के लिए जिंसी चौराहे से लक्ष्मीबाई प्रतिमा की तरफ जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया है। इस बंद किए जा चुके रास्ते से सैकड़ो गाड़ियां गुजर रही है। इस रास्ते पर बहुत ज्यादा धूल उड़ रही है इसके बावजूद लोगों को अपने स्वास्थ्य की भी चिंता नहीं है। दो पहिया गाड़ी चलाने वाले थोड़ा सा लंबा जाने से बचने की कोशिश करते हुए अपने स्वास्थ्य को खतरे में डाल रहे हैं।**



**लोगों को अपने स्वास्थ्य की भी चिंता नहीं, थोड़ा लंबा जाने से बचने की कोशिश**

निगम के द्वारा यहां पर 60 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाना है। इस सड़क को बनाने के लिए पिछले दिनों नगर निगम के द्वारा बड़ी संख्या में लोगों के घर के हिस्से तोड़े गए थे। इसके बाद अब नगर निगम के द्वारा सड़क बनाने का काम शुरू करने के पहले के काम को किया जा रहा है। इस काम को करने के कारण क्षेत्र में खूब धूल उड़ रही है। ऐसी स्थिति में भी लोगों के द्वारा बंद किए गए रास्ते के पास में खुले पड़े थोड़े से स्थान से अपने दो पहिया वाहन को निकाल कर इसी रास्ते से गुजरने की कोशिश की जा रही है। इस कोशिश को करते हुए लोग अपने स्वास्थ्य को खतरे में डाल रहे हैं। भारी धूल के बीच से आने और जाने से श्वास नली में धूल के कण जाने और उससे इंफेक्शन होने की आशंका बनी रहती है। नगर निगम के द्वारा लोगों को वैकल्पिक मार्ग सुझाया गया था। निगम की ओर से कहा गया था कि इस रास्ते से आना-जाना करने के बजाय बड़ा गणपति चौराहा के पास में स्थित क़ंडीलपुरा से होकर लोग लक्ष्मीबाई प्रतिमा वाले मार्ग पर जा सकते हैं। इसके लिए लोगों को थोड़ा सा ज्यादा चलना पड़ेगा। लेकिन ज्यादा चलने से बचते हुए लोग अपने स्वास्थ्य को दांव पर लगाकर इसी मार्ग से आना-जाना करने में लगे हुए हैं।

# एमवाय अस्पताल के बाथरूम में मिला 3 महीने के नवजात का शव

## इमरजेंसी वार्ड के सुविधाघर में भ्रूण मिलने से मच गया हड़कम्प

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**एमवाय अस्पताल में आज सुबह इमरजेंसी वार्ड के सामने बने एक बाथरूम के भीतर एक अज्ञात भ्रूण का शव बरामद हुआ है। अस्पताल परिसर में नवजात का शव मिलने की खबर फैलते ही हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही एमवाय अस्पताल पुलिस चौकी की टीम तुरंत मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।**

शुक्रवार सुबह अस्पताल में आने वाले कुछ मरीज और उनके परिजन इमरजेंसी वार्ड के सामने बने सार्वजनिक बाथरूम का उपयोग करने पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी नजर वहां जमीन पर पड़े एक भ्रूण के निष्प्राण अंगों पर पड़ी। बाथरूम में बच्चे का शव देख लोग सहम गए और तुरंत बाहर भागकर वहां तैनात सुरक्षा गाड्र्स को मामले की जानकारी दी। इसके बाद अस्पताल के सफाई कर्मचारियों की मदद से भ्रूण के शव को सावधानीपूर्वक बाथरूम से बाहर निकाला गया। संयोगितागंज एसपी तुषारसिंह ने बताया कि अस्पताल के बाथरुम में भ्रूण मिलने की जानकारी मिली थी जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शुरुआती जांच और डॉक्टरों के मुआयने में सामने आया है कि भ्रूण की उम्र करीब तीन महीने के आसपास है। भ्रूण मिलने के तुरंत बाद उसे अस्पताल के सीएचएमओ कक्ष में सुरक्षित रखवाया गया, जहां से कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद एमवाय चौकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इधर आशंका यह भी जताई जा रह है कि सम्भवत कोई गर्भवती महिला सुविधाघर का उपयोग करने गई थी तभी गर्भपात हो गय।

# ड्रेनेज के 300 एमएलडी पानी को करते हैं साफ. लेकिन उपयोग नहीं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर देने के 300 एम एल डी पानी को साफ किया जाता है लेकिन उसका कोई उपयोग नहीं होता है। इस पानी को साफ करने के बाद नगर निगम बहा देता है।**

निगम के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत जब से अभियान शुरू किया गया तब से ड्रेनेज के पानी को साफ करने के लिए शहर में एसटीपी की स्थापना की गई है। शहर के अलग-अलग क्षेत्र में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए गए हैं। इन प्लांट का संचालन करने पर नगर निगम के द्वारा करोड़ों रुपए की राशि हर वर्ष खर्च की जाती है। इस राशि के माध्यम से निगम एक तरफ जहां ड्रेनेज के गंदे और बदबूदार पानी को साफ पानी के रूप में तब्दील करता है तो वहीं दूसरी तरफ काफी अधिक बिजली भी इस कार्य को करने में जलती है। निगम

**पानी को साफ करने पर करोड़ों रुपए खर्च कर पानी बहा देता है निगम**

के द्वारा इस समय इंदौर शहर में 12 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से 300 मिलियन लीटर पानी को प्रतिदिन साफ पानी के रूप में तब्दील करने का काम किया जाता है।

निगम के अधिकारियों का कहना है कि जो पानी साफ किया जाता है उसमें करोड़ों रुपए की राशि खर्च होती है लेकिन उसके बाद भी इस पानी का कोई उपयोग नहीं हो पाता है। इसके पीछे कारण यह है कि निगम के पास इस पानी के उपयोग के लिए कोई योजना ही नहीं है। निगम इस पानी में से कुछ पानी को शहर के सभी बगीचे में उपयोग कर लेता है। इसके अलावा सड़क के बीच में बनाए गए रोड विभाजन में लगाए गए पौधे पर भी यह पानी डाल दिया जाता है। इसके अतिरिक्त निगम के द्वारा कुछ क्षेत्रों में किसानों को सिंचाई के लिए इस पानी को देने की योजना तैयार की गई थी लेकिन वह योजना धरी की धरी रह गई। निगम के द्वारा बार-बार शहर के नागरिकों से यह अपील की जाती है कि वह यदि किसी भी तरह का निर्माण कार्य कर रहे हैं तो उसमें साफ पीने योग्य पानी का उपयोग करने के बजाय इस पानी का उपयोग करें।

निगम इस साफ किए गए ड्रेनेज के पानी को टैंकर के माध्यम से अलग-अलग साइट पर उपलब्ध कराने के लिए भी तैयार है लेकिन इसके बाद भी लोगों के द्वारा इस पानी की मांग नहीं की जाती है। बगीचे से लेकर निर्माण स्थल तक लोगों के द्वारा बोरिंग के पानी का उपयोग किया जाता है। ऐसी स्थिति में नगर निगम करोड रुपए खर्च कर साफ़ किए गए पानी को फालतू बहा देता है।

# आग तो बुझ गई लेकिन राजनीतिक चिंगारी सुलगी रही

**इंदौर।** कल वार्ड क्रं. 27 के एमआर-9 पर चाइनीज दुकान में आग लग गई। आग ने कुछ ही क्षणों में विकराल रूप ले लिया। फायर ब्रिगेड और निगम के टैंकरों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन इसकी राजनीतिक चिंगारी सुलगी रही। भाजपा और कांग्रेस दोनों आग बुझाने में अपना योगदान बताती रही। कल वार्ड 27 में भीषण अग्निकांड हुआ। इस अग्निकांड में कई दुकानें जल गईं, जाली कटिंग की दुकान में आग के बाद मेडिकल और रेस्टोरेंट भी जल गए। आग नंदानगर की गली नं. 11 में लगी थी जो वार्ड क्रं. 27 में आता है। यहां से पार्षद मुन्नालाल यादव हैं, वहीं इस वार्ड में कांग्रेस की ओर से विनोद यादव अलर्ट रहते हैं। कल आगजनी की सूचना के बाद मुन्नालाल यादव के यहां से अंकित यादव मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के लिए खुद टैंकर का पाइप पकड़कर खड़े रहे। टैंकर भी बुलवाने के लिए निगम के सेट का उपयोग करते रहे। दूसरी ओर बब्बू यादव भी मौके पर पहुंचे थे उन्होंने भी बाल्टियों से पानी डाला। एक समय तो हालात यह बने कि अंकित यादव पाइप पकड़कर खड़े थे, तो बब्बू बाल्टियों से पानी डाल रहे थे। उल्लेखनीय है कि बब्बू यादव भी इस वार्ड में अपने टैंकर चलाते हैं वे भी टैंकर लेकर पहुंच गए थे। ऐसे में आग बुझने के बाद दोनों ओर के कार्यकर्ता अपने नेता के लिए वीडियो वायरल कर रहे हैं। एक-दूसरे पर बिना आरोप लगाए वीडियो हाइलाइट की जा रही है, इससे साफ होता है कि आग भलेही बुझ गई हो, लेकिन राजनीतिक चिंगारी सुलगी रही।





# टंकी से टैंकर भरने पर रोक लगाने की तैयारी

## जितने ज्यादा टैंकर हाइड्रेंट से भर सके उतना ज्यादा अच्छा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर नगर निगम के द्वारा पानी की टंकी से टैंकर भरने पर रोक लगाने की तैयारी की जा रही है। इस रोक को लगाने से पहले पर्याप्त हाइडेंट की व्यवस्था की जा रही है। इसके माध्यम से यह कोशिश होगी की जितने ज्यादा टैंकर हाइड्रेंट से भर सके उतना ज्यादा अच्छा है।**

पेयजल संकट के इस दौर में नगर निगम के द्वारा 600 से ज्यादा टैंकर का संचालन किया जा रहा है। इनमें से बड़ी संख्या में टैंकर पानी की टंकी पर बनाए गए हाइडेंट से भरे जा रहे हैं। ऐसे में पानी की टंकी में जो लोगों को घरों पर नल से दिया जाने वाला पानी भरा जाता है वह पानी कम हो जाता है और उसका स्तर कम हो जाने के कारण लोगों को अपने घर पर नल में पर्याप्त प्रेशर से पर्याप्त समय तक पानी नहीं मिल पाता है। यह समस्या नगर निगम के सामने बार-बार आ रही है। ऐसे में नगर निगम के द्वारा इस समस्या का समाधान ढूंढने की दिशा में काम किया जा रहा है। निगम के सामने चुनौती यह है कि निगम के द्वारा जो टैंकर भरने के लिए हाइड्रेंट बनाए गए थे उनमें से बड़ी संख्या में बोरिंग सूख गए हैं। ऐसे में उन हाइड्रेंट से टैंकर नहीं भरे जा सकते हैं। इस स्थिति में निगम ने पानी की टंकी से काम शुरू कर दिया था।

अब नगर निगम के द्वारा निजी क्षेत्र के हाइड्रेंट के संचालकों से यह चर्चा की गई है कि वह अपने हाइड्रेंट में से आधा खुद के टैंकर के लिए रखें और आधा पानी नगर निगम के टैंकर के लिए दें। इस तरह की सहमति करीब 80 निजी हाइड्रेंट पर नगर निगम के द्वारा बना ली गई है। इसके साथ ही नगर निगम के द्वारा पूरे शहर में करीब 60 स्थान पर नए बोरिंग कराते हुए वहां पर नए हाइड्रेंट लगाने का काम भी पिछले एक सप्ताह के अंदर कर लिया गया है। इस तरह से निगम के पास 140 नए स्थान हो गए जहां से की निगम अपने टैंकर में पानी भर सकता है। यह व्यवस्था हो जाने के बाद अब नगर निगम के द्वारा पानी की टंकी से टैंकर भरने पर रोक लगाने की तैयारी की जा रही है। निगम की ओर से कोशिश है कि हर टैंकर को समानांतर स्थान उपलब्ध करा दिया जाएं। उसके बाद में इस तरह की रोक लगाने के प्रावधान को प्रभावी किया जाएं। निगम के अधिकारियों का कहना है कि अब हमारी व्यवस्था इतनी कारगर हो गई है कि हम नई व्यवस्था से हर टैंकर को पानी दे सकेंगे। इस व्यवस्था में जहां भी कहीं कोई कमी है उसे कमी को ढूंढने और दूर करने का काम अंतिम चरण में चल रहा है।



## 25 गैस सिलेंडर जब्त

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रशासन के खाद्य विभाग ने कोठारी मार्केट के समीप महाराजा काम्पलेक्स क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक दुकान से गैस सिलेंडर का अवैध भंडारण पकड़ा और यहां से 25 गैस सिलेंडर जब्त किए। अधिकारियों ने बताया कि यह संग्रहण सुरक्षा मानकों के विपरीत किए गए थे और उससे इस गर्मी में गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी, अभी इस मामले में जांच की जा रही है और बिल मांगे जा रहे हैं।

# सडक पर पसरा ऑयल, फिसले वाहन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्य मार्ग पर ऑयल ढुलने के कारण शहर में बीते दिनों दो जगह वाहन चालक चोटिल हुए थे। कल फिर एमआर-10 से निरंजनपुर जाने वाले मार्ग पर स्कीम नं. 114 मुख्य सडक पर की वाहन से आईल गिर गया। सडक पर ऑयल परसने के बाद दोपहिया वाहन चालक फिसल गए। कई चालकों को चोट भी आई। राहगीरों ने नगर निगम को सूचना दी जिसके बाद निगम की टीम मौके पर पहुंची और मार्ग पर पावडर और अन्य वस्तुओं का उपयोग कर फिसलन कम की। हालांकि फिर भी कुछ वाहन स्लिप हुए। कुछ तो कार भी फिसलन के कारण स्लिप हो गई। चालकों ने जैसे ही ब्रेक लगाया तो कार 90 डिग्री पर घूम गई।

# जाम की समस्या का हल सड़क चौड़ीकरण नहीं

## इंदौर के समाज सेवी बोले अब सड़क चौड़ीकरण के बजाए फ्लाइओवर बनाये जाए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**शहर के मध्य और व्यावसायिक क्षेत्र छावनी में मास्टर प्लान की सड़क की चौड़ाई कम करके सड़क के चौड़ीकरण के लिए बाधक हिस्से हटाए गए जिसका जमकर विरोध हो रहा है, इसी बीच शहर के समाज सेवी और इंजीनियर का कहना है कि सड़क के जितनी चौड़ी की जाएगी लोग उतनी अधिक पार्किंग करेंगे क्योंकि इस शहर की मनोदशा यही है की घरों में पार्किंग की जगह नहीं है फिर भी कारें खरीदी जा रही है। अब तक शहर की जितनी भी सड़कें यातायात जाम की समस्या खत्म करने के लिए चौड़ी की गई है उन पर बड़ी संख्या में आज वाहन पार्किंग हो रहे हैं।**

स्ट्रक्चरल इंजीनियर अतुल सेठ ने बताया कि इंदौर में साल 2017 से मास्टर प्लान की सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। सबसे पहले स्मार्ट सिटी योजना के तहत मास्टर प्लान की सड़क शहर के मध्य क्षेत्र में बनाई गई जिसमें मल्हारगंज से टोरी कॉर्नर, सरवटे से गंगवाल, कृष्णपुरा से नंदलालपुरा चौराहा सहित अन्य सड़क बनाई गई। इस दौरान सड़क चौड़ीकरण में कई बाधक मकान तोड़े गए जिसका कोई मुआवजा अब तक लोगों को नहीं मिला है। वह टीडी पॉलिसी के तहत अतिरिक्त फिर के पात्र बनाए गए हैं। यहां स्वयं के मालिकाना हक वाले कई मकान पूरी तरह से हटा दिए गए। उद्देश्य केवल एक ही था सड़क चौड़ी करके यातायात जाम की समस्या खत्म करना। सड़क का निर्माण कार्य 2020 में पूरा होने के बाद आज वर्तमान हालत में सड़कों पर पुनः अतिक्रमण और वाहनों की पार्किंग बड़ी संख्या में की जा रही है। शीतला माता बाजार जिसको यातायात जाम की समस्या के निराकरण के लिए चौड़ा किया गया था वर्तमान में यहां सड़क के दोनों और अभी भी बड़ी संख्या में वाहन पार्क हो रहे हैं और यातायात जाम की समस्या बनी रहती है। खजूरी बाजार की भी यही स्थिति है इसीलिए इंदौर में अब यातायात जाम की समस्या के निराकरण के लिए लोगों के घर तोड़े जाने की बजाय फ्लाईओवर निर्माण के सॉल्यूशन को अपनाना होगा।

सामाजिक कार्यकर्ता अजीत सिंह नारंग ने बताया कि इंदौर को शहर के मध्य यातायात जाम की समस्या खत्म करने के लिए देश के महानगरों में बनाए गए फ्लाय ओवर की प्लानिंग का अध्ययन करना चाहिए, आखिरकार इंदौर के लोग कब तक अपने मालिकाना वाले घरों को सड़क चौड़ीकरण के नाम पर बलि चढ़ाते रहेंगे। सड़क चौड़ीकरण के एक या दो साल में ही पार्किंग की भेंट चढ़ जाती है क्योंकि सड़क चौड़ीकरण होते ही सड़क के आसपास बड़े मॉल और व्यावसायिक दुकान खड़ी हो जाती हैं इसके अलावा बहु मंजिला भवन बन जाते हैं जहां पार्किंग नियमों का उल्लंघन करके नहीं छोड़ी जाती और यही पार्किंग फिर सड़कों के किनारे होती है। वहीं इंदौर नगर निगम के एक पूर्व इंजीनियर ने नाम नहीं लिखने की शर्त पर बताया कि नगर निगम को इसके लिए अब नए सिरे से सोचने और समझने की जरूरत है। शहर को कौन से इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत समय के मुताबिक है इस पर एक समिति का गठन किया जाना चाहिए जिसमें यह तय किया जाए की क्या सड़क चौड़ीकरण ही यातायात जाम की समस्या का हल है या फिर कोई और उपाय भी किए जा सकते हैं। पिछले 10 सालों से नगर निगम लोगों के घर तोड़ने का काम करता आ रहा है, इसके बावजूद भी यातायात जाम की समस्या खत्म नहीं हुई। इंदौर की सड़कों पर सबसे तेज गति से वाहन प्रवेश कर रहे हैं जिस पर रोक लगाने की जरूरत है।


## ॥ श्रद्धांजलि बैठक ॥

हमारे पूज्य पिताजी, स्व. आनंदीलाल नागर, सुभाष चंद, बालकृष्ण संजय, रामकृष्ण के भाई, द्वारकादास, बालकृष्ण नागर के जियाजी, शशांक, अनमोल, डॉ राहुल, शिरीष, दीपेश, नीतेश, कुणाल, अंश, कृष्णा, वैदिक के बड़े पापा, चाहत, मौसम, तन्मय, ख्वाहिश, कल्प के दादा जी, गूंज, दर्शन, कुणाल, सात्विक के नानाजी, श्यामू और परेश के पुफाजी



**श्री रमाकांत नागर**

(डिप्टी डायरेक्टर फूड, खाद्य नियंत्रक) सुपुत्र स्व. नारायणलाल जी नागर का वैकुण्ठ वास दिनांक 27/5/2026 बुधवार को हो गया हैं. श्रद्धांजलि बैठक दिनांक 29/5/2026 शुक्रवार को शाम 5 से 6 बजे तक बनवारी लाल जाजू सभा गृह माहेश्वरी स्कूल छत्रीबाग इंदौर पर रखी गई है।

**शोकाकुल :** नाना नागर (पत्रकार अभिभाषक), प्रवीण नागर उषा रोहित शाह, प्रमिला दिनेशजी शाह (सुपुत्री) शुभा जे.पी नागर (भतीजी) कोरा कागज परिवार

मो. 9589336895, 9893652249



## लायंस का स्वास्थ्य शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नीम करोली बाबा के इंदौर स्थित आश्रम में अवतरण दिवस पर आयोजित उत्सव में लायंस इंटरनेशनल क्लब द्वारा वेदांता हॉस्पिटल के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया था। शिविर संयोजक लायन दिनेश रणधर व रिंकी जयसिंघानी चुघ ने बताया कि उत्सव में आए सैंकडो भक्तजनों ने निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया।

## जयेश दास उदासीन को सौंपी सनातन धर्म प्रचारक पद पर नियुक्ति



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महंत श्री जयेश दास उदासीन को विश्व सनातन परिषद (रजि.) द्वारा 'राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सनातन धर्म प्रचारक' पद पर नियुक्त किया गया है। परिषद द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में महंत श्री जयेश दास उदासीन के सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार, संत समाज को एकजुट करने तथा समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने के कार्यों की सराहना करते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।



## शिविर में 190 मरीजों ने कराई जांच

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोईथराम नेत्रालय जिला सेवा भारती के संयुक्त तत्वाधान मे कुशवाह नगर, धर्मशाला पर नेत्र शिविर में 190 मरीजों ने लाभ लिया 24 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे, जरूरतमंद को 98 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए

# सत्संग भवन में भगवान कृष्ण की लीलाओं का रसपान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सत्संग भवन उषानगर में श्रीमद भागवत का आयोजन कल से शुरू हुआ। रामस्नेही सम्प्रदाय के संत रामप्रसाद महाराज बड़ोदावालों ने सोनी परिवार की इस कथा में भगवान कृष्ण की लीलाओं का रसपान कराया। बड़ी संख्या में राम स्नेही और कृष्ण प्रेमी भक्त मौजूद रहे। मोहित सोनी ने बताया कि भागवत के पहले कलश यात्रा निकाली गई, भजन कीर्तन भी किए गए, प्रसादी का वितरण भी हुआ। नरेंद्र भोजने, विजय शुक्ला, अजय शुक्ला, महेंद्र सोनी ने व्यासपीठ का पूजन किया। कथा रोजाना सुबह 8:30 बजे से 11:30 बजे तक रहेगी।






## वेलफेयर ग्रुप ने गर्मी में किया शरबत का वितरण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सहयोग सोशल वेलफेयर ग्रुप द्वारा शरबत वितरण सेवा का आयोजन शनि मंदिर एलआईजी कार्नर, एबी रोड पर किया गया। राह चलते लोगों और वाहन चालकों को आग्रह पूर्वक रोककर ठंडा शरबत पिलाकर तृप्त किया गया, जिसकी सराहना भी हुई।

## नीमा समाजजनों ने की भागवत के पहले बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नीमा समाज द्वारा श्री दशा नेमा पंचायत ट्रस्ट के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर भागवत कथा का आयोजन रखा गया है। इस मुद्दे पर कल नीमा धर्मशाला मालगंज पर बैठक का आयोजन किया, जिसमें पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा भी मौजूद रहे। कथा की तैयारियों को लेकर जानकारी भी दी गई, विचार भी रखे गए। सतीश नीमा, सत्यनारायण नीमा, कमल नीमा, महेश नीमा सहित अन्य मौजूद थे।





## जैन महिला संगिनी की बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री दिगंबर जैन पद्मावती पुरवाल महिला संगिनी समूह की मीटिंग ट्रैवल इन समर थीम पर आयोजित की गई। उसी के अनुसार परिधान मातृशक्तियों ने पहने, फिर रैम्प वॉक पर प्रस्तुति भी दी। डांस की प्रस्तुति के अलावा रोचक गेम्स भी खेले गए। विनिता पाण्डेय, सुमन केसरी जैन, कल्पना जैन, पायल जैन, सोनाली जैन, पिंकी जैन ने अपनी भूमिका निभाई।

# सिंधी समाज करेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

पूज्य जेकब आबाद जिला सिंधी पंचायत द्वारा 31 मई रविवार को जेकब आबाद जिला सिंधी पंचायत भवन में प्रातः 11 से 2 बजे तक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। राजा मांधवानी, डॉ. जयकुमार परियानी ने बताया कि अब 12 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे उसी कड़ी में यह शिविर आयोजित किया जा रहा है, पिछली बार 15 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए थे। शिविर में लीवर से बचाव के लिए हेपेटाइटिस बी, थाईराइड टीका नाम मात्र के शुल्क 50 रु. में लगाया जाएगा। पूर्व में हेपेटाइटिस बी के दो टीके पूज्य पंचायत द्वारा शिविर आयोजित कर लगाये जा चुके हैं अंतिम तीसरा टीका 31 मई को लगाया जाएगा। ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच निशुल्क की जाएगी। नरेश फुंदवानी, कमल कस्तूरी, राकेश पंजवानी, सच्चानंद वाधवानी, डॉ. कुंदन बागजाई, संजय कालरा, नरेश मनगानी, मोहनलाल मोटवानी, रामचन्द्र मंगलानी, सुगनीचंद लाहोरी, मनोज बदलानी, सुरेश भागचंदानी के अलावा लायंस के अनिल तंवर, प्रवीण सोनी, मनजीतकौर भाटिया, परविंदरसिंह भाटिया, निखिलेश जोशी, अर्पण कुकरेजा आयोजन से जुड़े हुए हैं।

## महादेव मंदिर में कृष्णलीला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अम्बिकापुरी एरोड्रम रोड पर शिव प्रसाद पुरोहित के मुखारबिंद से नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में कृष्णलीला का मंचन किया जा रहा है, जो कल 30 मई तक चलेगा। रोजाना शाम 8 बजे से सुन्दरकांड का पाठ संतोष हिन्दू द्वारा किया जा रहा है। रोजाना व्यासपीठ का पूजन भी श्रद्धालु कर रहे हैं।



# विद्युत पी.क्यू. मीटर का उद्योगों द्वारा विरोध, एसोसिएशन ने बनाई संघर्ष समिति

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश की मासिक कार्यकारिणी बैठक में आधुनिक पी.क्यू. मीटर का उद्योगपतियों ने भारी विरोध किया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उद्योगों पर पड़ रहे आर्थिक भार के विरोध में औद्योगिक संगठनों और उद्यमियों ने बिजली वितरण कंपनियों द्वारा लगाए जा रहे आधुनिक पीक्यू मीटर और स्मार्ट मीटर प्रणाली का कड़ा विरोध किया है। संगठन कार्यालय में हुई बैठक में उद्यमियों ने एक स्वर में इन मीटरों को उद्योगों के लिए 'आर्थिक बोझ' करार दिया है। एसोसिएशन ने इस मीटर के विरोध में संघर्ष समिति का गठन किया है जिसके संयोजक सतीश मित्तल को बनाया गया है। सतीश मित्तल ने बताया कि उद्योगों का आरोप है कि नए पीक्यू मीटर सामान्य 'वोल्टेज फ्लक्चुएशन' और 'पावर फैक्टर' को भी भारी पेनल्टी (अतिरिक्त शुल्क) के रूप में दर्ज कर रहे हैं, जिससे कई कारखानों का बिजली बिल अप्रत्याशित रूप से दोगुना तक हो जायेगा। आपने यह भी कहा कि इसमें पारदर्शिता का अभाव है, मीटर की कार्यप्रणाली और तकनीकी मापदंड पारदर्शी नहीं हैं और उद्यमियों को मीटर की तकनीकी रिपोर्टिंग और रीडिंग पर गंभीर संदेह है। इसकी तकनीकी खामी के कारण उत्पादन लागत में भारी वृद्धि होगी। मध्यप्रदेश देश का तीसरा राज्य है जहां यह मीटर लगाने की कवायद चल रही है। पंजाब व तामिलनाडू में 2500 किलोवॉट के उपर इसे लागू किया है जबकि मध्यप्रदेश में 100 कि.वॉ.। इसके लिए प्रदेश में दो कंपनियों को अधिकृत किया है, मीटर की कीमत 50 हजार से अधिक नही है लेकिन अधिकृत कंपनी इसकी कीमत 6 लाख रू बता रही है। इस प्रकिया से मध्यप्रदेश के लघु एवं मध्यम उद्योग एमएसएमई सेक्टर प्रभावित होगा, वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में पिछड़ेगे।

# वर्तमान परिस्थितियों में महिलाओं की भूमिका पर मंथन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा जाल सभागृह में 'वर्तमान परिस्थिति में महिलाओं की भूमिका' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए। चर्चा में महिलाओं की बदलती भूमिका, सामाजिक चुनौतियां, पारिवारिक मूल्यों, शिक्षा, रोजगार और समाज में उनकी भागीदारी जैसे विषयों पर व्यापक मंथन किया। वर्तमान में लडकियों का शिक्षा स्तर बढ़ने के साथ वे आर्थिक रूप से भी सक्षम बन रही है जिससे महिलाओं की हर क्षेत्र में पहचान बनी है। देश की करीब आधी आबादी महिलाओं की है तो निर्णय लेने वाली जगहों पर उनकी भागीदारी केवल 13-14 प्रतिशत क्यों है। उन्होंने कहा कि भारत में आज भी महिला श्रम भागीदारी लगभग 33-35 प्रतिशत के आसपास है। मीना श्रीवास्तव, प्रणिता दीक्षित, रेहाना खान, डॉ रमा चौहान, प्रो. असद खान, फादर पायस, रामेश्वर गुप्ता, राजू सैनी, शफ़ी शेख, अशोक मित्तल आलोक खरे मौजूद थे।

# देशव्यापी स्तर पर नाकोड़ा भैरव चालीसा जाप आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री नाकोड़ा जैन कांफ्रेंस कर्नाटक इकाई के आह्वान पर 31 मई, रविवार पूर्णिमा के अवसर पर देशव्यापी स्तर पर 'नाकोड़ा भैरव चालीसा जाप अभियान' आयोजित किया जाएगा। आयोजन के अंतर्गत भारतभर के नाकोड़ा भैरव भक्त अपने-अपने घरों में परिवार सहित सामूहिक रूप से नाकोड़ा भैरव चालीसा का पाठ करेंगे। इंदौर उज्जैन रतलाम देवास मंदसौर धार नीमच में20हजार भैरव भक्त इस जाप में भागीदारी करेंगे। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षय जैन, महामंत्री सिद्धार्थ कोठारी के अनुसार 31 मई रविवार पूर्णिमा को प्रातः 8.01 बजे से दोपहर 12.39 बजे तक घर-घर भैरव चालीसा जाप का विशेष लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान का उद्देश्य नाकोड़ा भैरव भक्ति, धर्म संस्कार एवं आध्यात्मिक चेतना का व्यापक प्रसार करना है।

# ज़ल बचाने के लिए 15 हजार पर्चों का वितरण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था सेवा सुरभि ने शहर में व्याप्त भीषण जलसंकट को देखते हुए रविवार 31 मई को सुबह 9.30 बजे से साउथ तुकोगंज स्थित होटल कलिंगा पर एक रचनात्मक विचार मंथन का आयोजन रखा है जिसमें पर्यावरण एवं जल संरक्षण से जुड़े विशेषज्ञ जल संकट के कारणों और उसके निदान पर सार्थक मंत्रणा करेंगे। संस्था द्वारा शहर में जल की प्रत्येक बूँद का महत्व समझाने और जन-जन को जागरूक बनाने की दृष्टि से 15 हजार पर्चे प्रकाशित कराए हैं, जिनका लोकार्पण इस अवसर पर किया जाएगा। संस्था द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जल संकट के इस भयावह दौर में जन चेतना के लिए व्यापक अभियान का संचालन भी किया जाएगा। एक ई-रिक्शा के माध्यम से संस्था द्वारा इस अभियान का विभिन्न वार्डों एवं क्षेत्रों की गली-गली में प्रचार भी किया जाएगा।

# ग़ीत-संगीत का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। एसएन मेलोडियस म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले सदाबहार गीतों की संगीतमय संध्या में पुराने कलाकारों की फिल्म के प्रस्तुत किए गए। अनीस शेख, चंद्रशेखर परिहार, लोकेश निरवले, संजय सिंह चंद्रावत, राजेश सिंह चंद्रावत, संजय मंडलोई,अमन पाण्डेय हितेंद्र चौहान डॉ विनोद रघुवंशी हिमांशु वैध, लीना श्रीवास, चंदा कुण्डलवाल, श्रीमती निर्मला परमार, अनुमति शर्मा सुनीता परिहार, रीत सिरसवाल ने अपनी भूमिका निभाई।



# इन्दौर के जायसवाल का गुजरात में सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

हिम्मतनगर-बीजापुर हाईवे गुजरात, तिरुपति ऋषिवन दैरोल वॉटर पार्क रिसॉर्ट भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की गौरवमयी बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष दयाराम राय की अध्यक्षता में आधार कार्ड के खोज कर्ता को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। आधार कार्ड के जनक एवं परिकल्पना कार सुनील जायसवाल द्वारा आधार कार्ड के शोध की पूरी जानकारी दी गई और आधार कार्ड के जन्म की कहानी की पुस्तक आधारायण ग्रन्थ भी उपस्थित समस्त पदाधिकारियों को भेंट की गई। कार्यक्रम के अन्त में राष्ट्रीय अध्यक्ष दयाराम राय ने पदाधिकारियों के साथ वॉटर पार्क रिसॉर्ट में वृक्षारोपण भी किया।



# समर कैंप में खेलकूद स्पर्धा का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जंक्शन प्ले स्कूल में चल रहे ग्रीष्मकालीन समर कैंप के अंतर्गत 'खेलकूद दिवस' का आयोजन किया गया। कई तरह के खेल सीखे और खेले भी। मिथिलेष क्रैमरे ने मार्गदर्शन दिया।

# कला, संस्कृति एवं विरासत पर विशेष विचार मंथन कार्यक्रम

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अहिल्या केंद्रीय पुस्तकालय, रीगल तिराहा पर क़ल 30 मई को दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय शेख परिवार की 200 वर्षों से चली आ रही ललित बांस कला घराने की अनुपम विरासत, धरोहरों तथा वैश्विक विकास में कला की भूमिका रहेगा। 76 वर्षीय कलाकार नसीमउद्दीन ने बताया कि हमारा परिवार कला के माध्यम से देशहित में कार्य कर रहा है। कला के माध्यम से अनेक मानवतावादी प्रोजेक्ट चलाकर समाज में जनगारूकता का कार्य कर रहे हैं। क़ल इन्हीं मुद्दों पर मंथन होगा जिसमें सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, प्रो. करणसिंह, मदन परमालिया अपनी भूमिका निभाएंगे। नसीमउद्दीन, कलीमउद्दीन, रियाजउद्दीन पटेल, अजीमउद्दीन, स्वालेहा, खदीजा मौजूद रहेंगे।

# श्रीराम कथा का पहला न्योता गणपति परिवार को

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के मातृशक्ति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आगामी 1 जून से विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर होने वाली श्रीराम कथा का पहला न्योता विद्याधाम मंदिर स्थित गणपति परिवार, माँ पराम्बा एवं हनुमानजी को समर्पित किया गया। सरस्वती शर्मा, साधना शर्मा, भारती शर्मा, पिंकी शर्मा, शशि शर्मा, कीर्ति जोशी, स्वाति शर्मा, जया शर्मा, हेमा शर्मा, प्रीति शर्मा, रंजना शर्मा, पूनम शर्मा, पूर्णिमा शर्मा एवं भारती शर्मा मौजूद थी।



# अग्रवाल परिषद के नए पदाधिकारियों क़ी शपथ

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अग्रवाल परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पद की शपथ लेकर समाजसेवा का संकल्प लिया। कई राजनेता और अग्रवाल समाजजन मौजूद रहे।



# टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन का सेमिनार कल

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। व्यापारियों को जीएसटी में सर्च, जब्ती एवं गिरफ़्तारी के प्रावधानों की जानकारी देने के लिए क़ल शनिवार को जाल सभागृह में सेमिनार आयोजित किया जा रहा है।एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए विजय बंसल एवं सचिव नीलेन्दु दवे ने इस सम्बन्ध में बताया कि जीएसटी में गलत इनपुट टैक्स क्रेडिट लेने या देने के प्रकरणो में या कर की चोरी की आशंका में व्यापारी या अन्य व्यक्तियों पर सर्च की कार्रवाई की जाती है, सर्च के दौरान ही माल या दस्तावेजों की जब्ती भी की जाती है। आवश्यकता होने पर निर्धारित सीमा से अधिक कर की चोरी की दशा में कई बार व्यापारी पर गिरफ्तारी की आशंका भी रहती है। इन्ही सब बातों को ध्यान में रखते हुए टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन द्वारा कल 30 मई शनिवार अपराह्न 4 से 7 बजे तक जाल सभागृह में एक सेमिनार का आयोजन किया गया है। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों में इस प्रकार की कार्यवाही से सम्बन्धित प्रावधानों की जानकारी देकर उनके भय को कम करना है। अहमदाबाद के सीए पुनीत प्रजापत व्यापारियों को सर्च, जब्ती एवं गिरफ़्तारी के सम्बन्ध में व्यावहारिक ज्ञान देंगे। इसके अलावा जीएसटी की कार्यवाही का आयकर के कर निर्धारण में क्या प्रभाव होगा इस सम्बन्ध में अधिवक्ता आशीष गोयल द्वारा भी सम्बोधित किया जाएगा । इस सेमिनार में सर्च के दौरान क्या सावधानी रखनी चाहिए एवं एक व्यापारी के क्या अधिकार एवं जिम्मेदारियां होती है इसकी भी जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में एसोसिएशन ऑफ़ इंडस्ट्रीज मध्य प्रदेश, मालवा चैम्बर, अहिल्या चैम्बर, क्रेडाई एवं अन्य व्यापारिक संस्थाओं के सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम से सीए कृष्ण गर्ग एवं सुनील पी जैन जुडे हुए है।

# गंदे पानी की समस्या से मुक्ति के लिए अब काम

## 30 लाख के आसपास खर्चकर पूरे क्षेत्र में बिछाई जाएगी नई निकासी लाइन

**इंदौर।** अब इंदौर नगर निगम वार्ड 34 से जुड़ी स्कीम 136 और उसके आसपास के क्षेत्र कंचन विहार कॉलोनी और अन्य क्षेत्र में लोगों शिकायत पर दूषित और गंदा पानी आने की शिकायत का निवारण करने की तैयारी कर रहा है। इस काम के लिए निगम द्वारा बकायदा निविदा जारी कर लगभग 27 लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर सालों पुरानी जल निकासी लाइन बदलकर क्षेत्र में गंदे पानी की शिकायत का समाधान करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिसके लिए अगले माह से बहुत जल्द पुरानी लाइन बदलकर नई लाइन बिछाने का काम शुरू होगा। इसके बाद क्षेत्र के बड़े हिस्से में बड़ी आबादी को दूषित जल और गंदे पानी की शिकायत से निगम द्वारा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से मुक्ति दिलाने का प्रयास किया जाएगा। जिसको लेकर निगम की ओर से तैयारियां भी शुरू हो गई है।



### भागीरथपुरा जैसी घटना ना हो इसलिए निगम ने तुरंत शुरू कर दी तैयारी

*वही खास बात यह है कि वार्ड 34 से जुड़ी स्कीम 136 और उसके आसपास के क्षेत्र कंचन विहार कालोनी और अन्य क्षेत्रों में गंदे पानी की शिकायत आने पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ निगम अधिकारियों ने भी शिकायत को गंभीरता से लिया की कहीं दोबारा भागीरथपुरा जैसी घटना न हो इसलिए यहां की फाइल को तुरंत मंजूरी देते हुए निविदा प्रक्रिया भी शुरू कर दी। वहीं अब कहा जा रहा है कि अगले माह की शुरुआत में निगम द्वारा लगभग 30 लाख रुपए के आसपास खर्च कर यहां नई सीवर और जल निकासी लाइन डालकर समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा ताकि लोगों को परेशानी न हो।*

# नई जल निकासी लाइन बिछाएगा निगम

**इंदौर।** सुंदरनगर चौक के सेक्टर ए में वेविंग ब्रिज 40 फीट चौड़ी मुख्य सड़क पर नई जल निकासी लाइन बिछाने के लिए खुदाई का काम बेहद जल्द निगम शुरू करेगा। वहीं इस काम के शुरू हो जाने से क्षेत्र के रहवासी परिवारों को सबसे बड़ा फायदा होगा। आने वाले दिनों में शुरू होने वाले मानसून सीजन में लोगों को नई जल निकासी लाइन डालने के साथ सड़क सुधार कार्य के अन्तर्गत बड़े हिस्से में सीमेंटीकरण कार्य भी हो जाने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। जिसको लेकर निगम ने पिछले दिनों निविदा जारी कर लाइन बिछाने की तैयारी भी शुरु कर दी है। जिससे भविष्य में क्षेत्र के रहवासियों को जल जमाव जैसी स्थिति से बड़ी राहत मिलेगी।

**40 फीट चौड़ी मुख्य सड़क पर लाइन डालने के लिए शुरू होगा काम**

**बारिश के दिनों में अभी हो जाती है जलजमाव की स्थिति पैदा-** जबकि अभी हालत यह है कि सुंदर नगर चौक से लेकर सेक्टर ए और वेविंग ब्रिज तक बड़े हिस्से में 40 फीट चौड़े मुख्य मार्ग पर आधी-अधूरी जल निकासी लाइन होने से जगह-जगह बारिश के दिनों में लाइन चौक होने की स्थिति में जल जमाव की स्थिति बन जाती है। वही अब निगम द्वारा बारिश से पहले यहां काम शुरू कर देने से जल्द से जल्द नई जल निकासी लाइन बिछाने की तैयारी है, जिससे लोगों को इस साल बारिश के दिनों में दिक्कत नहीं होगी।

# क्षतिग्रस्त सीवरेज लाइन और चैंबरों की मरम्मत शुरू होगी

**इंदौर।** जोन 17 के अंतर्गत वार्ड 18 और 19 से जुड़े सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र में सालों बाद निगम द्वारा लंबे समय से क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सीवर लाइन और एटीपी के साथ ध्वस्त चैंबरों की मरम्मत भी निगम अगले माह में बेहद जल्द शुरू करेगा। जिसको लेकर निगम के ड्रेनेज विभाग द्वारा इस काम के लिए निविदा जारी कर काम शुरू करने की तैयारी भी बकायदा प्लानिंग के शुरू कर दी है।



**बारिश से पहले नई लाइन डालने के साथ सुधार कार्य पूरा करने की तैयारी-** वहीं खास बात यह है कि निगम की तैयारी है की बारिश से पहले सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र में क्षतिग्रस्त लाइन सुधारने के साथ सालों पुराने ध्वस्त चैंबरों को मरम्मत कर सुधार कार्य जल्दी पूरा करने की तैयारी है। ताकि बारिश के दौरान व्यापारियों को परेशानी ना हो।

# 85 लाख से ज्यादा खर्चकर चमकेगा चौराहा

**इंदौर।** विधानसभा दो के अंतर्गत जोन क्रमांक 17 से जुड़े चंद्रगुप्त मौर्य चौक से एमआर 10 चौक तक मुख्य चौराहे को सजाने और संवारने के लिए निगम लगभग 85 लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर सौंदर्यकरण और साज-सजावट के कार्यों का जल्द शुभारंभ करेगा। जिसको लेकर निगम ने अपनी ओर से तैयारी भी कर ली और साथ ही इसको लेकर टेंडर प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। जिसके तहत अगले माह की शुरूआत में जल्द से जल्द निविदा संबधित कार्य पूरे होते ही निगम की तैयारी है कि हाथों-हाथ सौंदर्यकरण के कार्य भी शुरू हो जाए।



वही बड़ी बात यह है कि निगम द्वारा एमआर 10 सर्विस रोड पर चंद्रगुप्त मौर्य चौक से लेकर करोड़ों रुपए खर्चकर बने कुमेड़ी बस टर्मिनल तक उजाले के लिए पौने तीन सौ से ज्यादा नए बिजली के पोल पर 600 से ज्यादा नई तेज रोशनी वाली एलईडी लाइटिंग लगाने का काम पहले ही शुरू कर रखा है। जिसका काम अब एकदम अंतिम दौर में है। वहीं अब वाले दिनों में निगम द्वारा चंद्रगुप्त मौर्य चौक से लेकर एमआर 10 चौक तक सजाने संवारने के साथ सौंदर्यकरण के कार्य शुरू करने की तैयारी है।



# कोरी समाज धर्मशाला तक मिलेगी नई सड़क की सौगात

## लाखों रुपए खर्चकर रहवासियों की मांग पर हो रहा नवीन सड़क निर्माण

**इंदौर।** विधानसभा पांच के वार्ड क्रमांक 47 के अंतर्गत गोमा की फेल बस्ती स्थित कबीर चौक मैन रोड से कोरी समाज धर्मशाला तक निगम द्वारा क्षेत्रिय रहवासियों की मांग पर लाखों रुपए खर्चकर नई सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत क्षेत्र के लोगों के साथ यहां से रात दिन गुजरने वाले आसपास के लोगों को भी आने-जाने के में सोहलियत हो और यातायात के हिसाब से भी लोगों को भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**पार्षद की समझाईश पर लोगों ने खुद तोड़ दिए अपने बाधक ओटले और निर्माण-** वार्ड क्रमांक 47 के अंतर्गत निगम द्वारा गोमा की फेल बस्ती में कबीर चौक मेनरोड से कोरी समाज धर्मशाला तक नवीन सड़क निर्माण कार्य योजना के तहत यहां की मुख्य सड़क को पहले से ज्यादा चौड़ाई में बनाने के लिए क्षेत्रिय पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया के आग्रह पर क्षेत्र के रहवासियो ने सड़क निर्माण और चौड़ी करण में बाधक अपने अतिक्रमण एव ओटले पार्षद की समझाईश के बाद आपसी सहमति से हटा लिए गए। जिससे अब यहां का यातायात पहले से कई गुना ज्यादा सुगम रहेगा। जिसके लिए निगम ने सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत खुदाई कर शुरू भी कर दी है। एमआईसी मेंबर एवं वार्ड के पार्षद पहाड़िया ने बताया बारिश से पहले गोमा की फेल की बस्ती क्षेत्र के बड़े हिस्से में अगले माह तक हर हाल में नई सीमेंटेड सड़क निर्माण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा ताकि लोगों को बारिश के मौसम में अधूरे सड़क निर्माण कार्य से परेशानी न हो।

## संपादकीय

# आधुनिक गजल के उस शायर को अलविदा, जिसने दर्द को आवाज दी

बशीर बद्र अपने शब्दों में तन्हाई और पीड़ा को बखूबी उकेरते थे। वे चुभती जरूर थीं, मगर मन के किसी कोने दर्ज हो जाती थीं। आम लोगों के जीवन के गहरे जख्मों को जीवंत शब्द देने वाले बशीर बद्र अब हमारे बीच नहीं हैं। आम लोगों के जीवन के गहरे जख्मों को जीवंत शब्द देने वाले बशीर बद्र अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन दिल को छू लेने वाली अपनी शायरी के लिए वे हमेशा याद किए जाएंगे। वे जितने सरल थे, उनकी रचनाओं में उतनी ही सादगी और सहजता थी। उनमें इस कदर भाव अभिव्यक्त होते थे कि हर किसी को उनकी पंक्तियां अपनी-सी लगती थीं। आधुनिक गजल के इस उस्ताद के रचना संसार में जिंदगी का हर वह लम्हा था, जिसे मनुष्य जीता है। बशीर बद्र अपने शब्दों में तन्हाई और पीड़ा को बखूबी उकेरते थे। वे चुभती जरूर थीं, मगर मन के किसी कोने दर्ज हो जाती थीं। वे अपनी शायरी में उस शहर को भी जीते रहे, जहां अजनबियत बढ़ती चली गई थी। उन्होंने नए मिजाज के शहर को वक्त रहते पहचान लिया था। वे संघर्ष भरे रास्ते से गुजरे और जिंदगी की शाम आने से पहले उन्होंने लोगों की जुबान पर चढ़ जाने वाली कालजयी पंक्तियां रचीं। बशीर साहब के मशहूर शेर में समाज के जटिल ताने-बाने के बीच जद्दोजहद करने का जज्बा दिखता है। उनमें जिंदगी के कई पाठ हैं। उनकी शायरी हमें जीने का रास्ता दिखाती है। हममें से न जाने कितने ऐसे लोग होंगे जो किसी न किसी मौके पर उनकी शायरी को याद करते रहे और उन्हें दोहराते रहे हैं। जीवन में संवेदनात्मक उतार-चढ़ाव के वक्त न जाने के कितने लोगों ने उनकी शायरी को अपना सहारा बनाया होगा। बशीर बद्र अपने जीवन में जिस मुकाम पर पहुंचे, वहां तक पहुंचना कोई आसान नहीं था। अपने दम पर उन्होंने पढ़ाई पूरी की और कॉलेज में लंबे समय तक पढ़ाया। हिंदी और फारसी पर उनकी गहरी पकड़ थी। वे उर्दू तक सीमित नहीं रहे। उनकी कई रचनाओं का अनुवाद हुआ और दुनिया भर में वे मशहूर हुईं। कई बड़े पुरस्कारों से नवाजे गए बशीर हमेशा विनम्र रहे। दुनिया को मुसाफिरखाना मानने वाले बशीर बद्र के निधन से उनके प्रशंसक दुखी हैं। निस्संदेह उन्होंने एक ऐसी शख्सियत को खो दिया है, जिन्हें आधुनिक शायरी का नगीना माना गया। सच यह है कि बशीर बद्र एक ऐसे शायर थे, जिनके शब्द भावों की गहराई लेकर दिलों में धड़कते हैं। मशहूर शायर बशीर बद्र का 91 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनके जाने की खबर से साहित्य और गजल प्रेमियों के बीच शोक की लहर दौड़ गई है। जावेद अख्तर समेत तमाम लोग उनके निधन पर शोक व्यक्त कर रहे हैं। उर्दू शायरी में बशीर बद्र का नाम बड़े और मशहूर गजलकारों में लिया जाता था। उनकी शानदार शायरी और साहित्य में योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री पुरस्कार दिया था। उर्दू शायरी की दुनिया में वह एक शानदार नाम थे। उनकी मौत पर बॉलीवुड के लेखक और गीतकार जावेद अख्तर ने भी दुख जताया।

# टेलर की आत्महत्या में पड़ोसी पर केस दर्ज

## मारपीट के बाद आरोपी लगातार दे रहा था धमकी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

गांधी नगर थाना क्षेत्र के शंकर कॉलोनी में एक भावुक और दुखद मामला सामने आया है। यहाँ रहने वाले एक 55 वर्षीय टेलर ने पड़ोसी की प्रताड़ना और लगातार मिल रही धमकियों से क्षुब्ध होकर जहर खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना के बाद शुरुआती तौर पर पुलिस ने मर्ग कायम किया था, लेकिन विस्तृत मर्ग जांच और परिजनों के बयानों के आधार पर अब पुलिस ने आरोपी पड़ोसी के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

गांधी नगर पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान गजेंद्र सिंह उर्फ गजानन उर्फ गज्जू पिता नाथूसिंह सोलंकी (55)निवासी शंकर कॉलोनी है। वह सिलाई का काम करते थे। परिजनों ने पुलिस को बताया कि इस पूरे आत्मघाती कदम की पटकथा गत 10 मई को लिखी गई थी।10 मई को गजेंद्र सिंह का उनके घर के सामने ही रहने वाले पड़ोसी मेहताब सिंह बड़ोले के साथ किसी बात को लेकर तीखा विवाद हुआ था। इस विवाद के दौरान आरोपी मेहताब सिंह ने तैश में आकर गजेंद्र के सिर पर डंडे से जोरदार हमला कर दिया था, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के तुरंत बाद पीड़ित परिवार ने गांधी नगर थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। परिजनों का आरोप है कि उस समय पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और आरोपी के खिलाफ कोई सख्त दंडात्मक कार्रवाई नहीं की, जिससे उसके हौसले बढ़ गए। थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही आरोपी मेहताब सिंह बडोले बौखलाया हुआ था। वह कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए गजेंद्र सिंह पर लगातार राजीनामे का दबाव बना रहा था। आरोपी सरेराह और घर के चक्कर काटकर गजेंद्र को लगातार जान से मारने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां दे रहा था। इस सरेराह प्रताड़ना और मानसिक तनाव को गजेंद्र बर्दाश्त नहीं कर पाए और वे गहरे अवसाद में चले गए। गत दिवस दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच, जब घर पर कोई नहीं था, तब गजेंद्र चुपचाप घर के पीछे बने खेत की तरफ चले गए। वहाँ मोहल्ले के एक सूने पेड़ के नीचे बैठकर उन्होंने जहरीला पदार्थ गटक लिया। कुछ देर बाद जब परिजन वहाँ पहुँचे तो गजेंद्र अचेत अवस्था में तड़पते हुए मिले। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बाद भी उनकी जान नहीं बचाई जा सकी और इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। अस्पताल से आई सूचना के बाद गांधी नगर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मर्ग कायम किया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने जब मृतक के मोबाइल रिकॉर्ड, आसपास के गवाहों के कथन और पूर्व में दर्ज कराई गई मारपीट की एफआईआर का मिलान किया, तो यह साफ हो गया कि गजेंद्र की मौत की मुख्य वजह मेहताब बडोले द्वारा दी जा रही निरंतर मानसिक प्रताड़ना ही थी।?साक्ष्य पुख्ता होने के बाद पुलिस ने आरोपी मेहताब बडोले के खिलाफ प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए उकसाने की सुसंगत धाराओं के तहत नामजद केस दर्ज कर लिया है।

# दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने का केस दर्ज

**इन्दौर।** महिला थाने में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गीता भवन स्थित बाईब्रेंट रेसीडेंसी में रहने वाली 35 वर्षीय फरियादी आर्चा मकवाना ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। फरियादी के अनुसार उसका पति शोभित जैन और ससुराल पक्ष की सदस्य संध्या जैन उसे शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान किया। घटना की अवधि 9 अगस्त 2019 से लगातार बताई गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने महिला थाने में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पहले गोली चलने से करती रही इंकार, अब पुलिस ने माना- वाइन शॉप के बाहर हुआ था हवाई फायर

**सीसीटीवी जांच में खुलासा भीड़ के बीच अज्ञात बदमाश ने चलाई गोली**

**इंदौर।** राजेंद्र नगर क्षेत्र स्थित चौइथराम वाइन शॉप के बाहर बुधवार देर रात हुई फायरिंग की घटना में पुलिस पहले गोली चलने की बात से इंकार करती रही, लेकिन अब सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने खुद मामला दर्ज कर हवाई फायरिंग होना स्वीकार किया है।

बुधवार रात चौइथराम वाइन शॉप के बाहर काफी भीड़ लगी हुई थी। इसी दौरान किसी अज्ञात युवक ने लापरवाहीपूर्वक हवाई फायर कर दिया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। हालांकि शुरुआत में पुलिस ने गोली चलने की घटना से साफ इंकार किया था, लेकिन बाद में मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगालने पर फायरिंग की पुष्टि हुई। राजेंद्र नगर थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक बनसिंह जमरा की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि गुरुवार 28 मई की रात सूचना की तस्दीक के दौरान चौइथराम वाइन शॉप पर लगे कैमरों की जांच की गई। फुटेज में भीड़ के बीच एक अज्ञात व्यक्ति हवाई फायर करते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने माना कि आरोपी की इस हरकत से आसपास मौजूद लोगों की जान खतरे में पड़ गई थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# सावधान! बिजली कंपनी एपीके फाइल नहीं भेजती

**इंदौर।** बिजली वितरण कंपनी ने कहा है कि हम कभी भी एपीके फाइनल नहीं भेजते हैं अन्य व्यक्तियों द्वारा वाट्सएप पर आपको भेजी जाएं तो उसे नजर अंदाज करें। एपीके फाइल डाउनलोड करने पर आपके साथ धोखाधड़ी भी हो सकती है। बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि सजग रहें और फ्राड करने वालों के झांसे में नहीं आएं, कंपनी ने स्पष्ट किया है कि रात 9.30 बजे बिजली काटने, एपीके फाइल संबंधी संदेश उपभोक्ताओं को फ्राड करने वाले, आनलाईन राशि हड़पने वालों द्वारा भेजा जा रहा है। इसे पूरी तरह नजर अंदाज करें। कम्पनी द्वारा अधिकृत संदेश विधिवत तौर पर एसएमएस, वाट्सएप से भेजे जाते हैं, जिस पर स्र्जै-, स्र्ज्ज्न्न्फ लिखा होता है, किसी मोबाइल नम्बर का उल्लेख नहीं होता। संदेह होने पर उपभोक्ताओं द्वारा किसी मदद के लिए बिजली कंपनी के जोन, वितरण केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।

# टीपीएस और एनएचएआई निर्माणधीन सड़क का निरीक्षण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कनाडिया बायपास क्षेत्र टीपीएस-4-5 और एन.एच.ए.आई. की निर्माणाधीन सडकों का निरीक्षण करने मंत्री तुलसीराम सिलावट, प्राधिकरण अधिकारी परीक्षित झाड़े, राजमार्ग प्राधिकरण के प्रदीप यादव पहुंचे। इस 17 किलोमिटर लम्बी सड़क का निरीक्षण किया गया। किए गए कार्य की समीक्षा के अलावा किए जाने वाले विकास कार्य के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। सड़क निर्माण कार्य शीघ्र हो इसके निर्देश भी एजेंसी और संबंधित अधिकारियों को दिए गए। यह भी निर्देशित किया गया कि कनाडिया अहिल्या बावडी के पास में गार्डन का निर्माण करने एवं योजनान्तर्गत सड़क निर्माण में आ रहे अवरुद्ध एवं अतिक्रमणों को बारिश के पूर्व हटाकर शीघ्र निर्माण करने के निर्देश दिये। मंत्री सिलावट ने बताया कि कनाडिया क्षेत्र में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा इन्दौर से राधवगढ सडक का निर्माण किया जा रहा है। दोनों मुख्य मार्गो एवं 6 पुल-पुलियाओं पर वृक्षारोपण करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान रोहित मालवीय, विश्वजीतसिंह सिसोदिया, विपिन जागीरदार भी मौजूद रहे।

# नौकरी के नाम पर 35 हजार लेने का आरोप, युवक का अपहरण कर थाने तक ले गए तीन आरोपी

**इन्दौर।** संयोगितागंज थाना क्षेत्र में नौकरी लगवाने के नाम पर पैसे लेने के विवाद में तीन युवकों ने एक युवक और उसके दोस्त का अपहरण कर लिया। आरोपियों ने दोनों को जबरन कार में बैठाकर सुदामा नगर ले जाकर धमकाया और बाद में खुद ही थाने पहुंचा दिया।

छोटी खजरानी में रहने वाले 25 वर्षीय फरियादी अर्जुन पाटीदार हाल मुकाम नवलखा आरके हॉस्पिटल के पास, ने शिकायत दर्ज कराई है। गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे की है, जब वह भगतसिंह कैफे के पास अपने दोस्त दीपांशु गोस्वामी के साथ खड़ा था। इसी दौरान पीछे से तीन युवक आए और दोनों को पकड़कर जबरन थार गाड़ी में बैठा लिया। आरोपियों ने दोनों को सुदामा नगर ले जाकर कहा कि सीएस कंसलटेंसी एजेंसी में नौकरी लगवाने के नाम पर उनसे 35 हजार रुपए लिए गए थे, लेकिन नौकरी नहीं लगवाई गई। इस पर फरियादी ने कहा कि इस मामले में कंपनी से बात करें। इसी बीच फरियादी ने अपने मोबाइल से छिपकर अपने छोटे भाई ओम पाटीदार को लोकेशन भेज दी और फोन पर घटना की जानकारी दी। लोकेशन शेयर होने की भनक लगते ही आरोपी घबरा गए और दोनों को लेकर थाना अन्नपूर्णा पहुंच गए। पुलिस ने मामले में ऋषिराज राणा, सुमित शर्मा दोनों निवासी रतलाम और शिवम लोधी निवासी इंदौर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 152100 | 156750 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 255500 | 268680 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# ऑरेंज कैप के लिए आज होगी आर-पार की लड़ाई

## वैभव सूर्यवंशी संग एक्शन में होंगे शुभमन गिल और साई सुदर्शन

**मुल्लांपुर।** गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल 2026 का क्वालीफायर-2 न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादविन्द्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर में आज शाम को खेला जाना है। इस मैच में एक बार फिर हर किसी की नजरें 15 साल के वैभव सूर्यवंशी पर होंगी। आरआर के इस विस्फोटक सलामी बल्लेबाज ने एलिमिनेटर मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खूब तबाही मचाई। वह भले ही शतक से चूक गए हो, मगर 97 रनों की शानदार पारी खेल उन्होंने टीम को क्वालीफायर-2 तक पहुंचाया और ऑरेंज कैप पर कब्जा जमाया। आज वैभव सूर्यवंशी की ऑरेंज कैप को लेकर शुभमन गिल और साई सुदर्शन से आर-पार की लड़ाई हो सकती है।

### वैभव सूर्यवंशी ऑरेंज कैप की रेस में नंबर-1

राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी 680 रनों के साथ आईपीएल 2026 ऑरेंज कैप की रेस में पहले पायदान पर चल रहे हैं। आज उनके पास नंबर-1 की पोजिशन को मजबूत करने का शानदार मौका है। अगर आज बड़ी पारी खेल वैभव सूर्यवंशी अपनी टीम को फाइनल का टिकट दिलाते हैं तो इस सीजन कोई उनसे ऑरेंज कैप नहीं छीन पाएगा।

गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन 652 रनों के साथ दूसरे तो शुभमन गिल 618 रनों के साथ चौथे पायदान पर चल रहे हैं। आज इन तीनों ही खिलाड़ियों के ऊपर अपनी टीम को फाइनल का टिकट दिलाने पर होगी। जो खिलाड़ी ज्यादा रन बनाकर अपनी टीम को फाइनल में ले जाएगा अंत में ऑरेंज कैप भी उसी के सिर सजने की सबसे ज्यादा संभावना होगी।

### विराट कोहली टॉप-5 से बाहर

डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, जो क्वालीफायर-1 जीतकर सीधा आईपीएल 2026 फाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी है, उनके स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ऑरेंज कैप की रेस में 600 रनों के साथ 6ठे पायदान पर हैं। आज के मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी, साई सुदर्शन और शुभमन गिल की नजरें बड़े रन बनाकर विराट कोहली को ऑरेंज कैप की रेस से पूरी तरह बाहर करने पर होगी। दरअसल, क्वालीफायर-2 जीतने वाली टीम के बल्लेबाज को आज के मैच के अलावा फाइनल में एक बार और रन बनाने का मौका मिलेगा। ऐसे में अगर कोई कोहली से 100 से ज्यादा रनों की लीड हासिल करने में कामयाब रहता है तो आरसीबी के स्टार खिलाड़ी का इस साल ऑरेंज कैप जीतने का सपना टूट जाएगा।

विराट कोहली ने आईपीएल में ऑरेंज कैप सिर्फ दो ही बार - 2016 और 2024- में जीती है। वह पिछले चार सीजन से लगातार 600 से ज्यादा रन बनाते आ रहे हैं। विराट कोहली की यही निरंतरता उन्हें खास बनाती है।

## भागवत और मायरा कराने पर जोशी का सम्मान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कनाडिया रोड़ पर 7 दिवसीय भागवत कथा और तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा के शानदार आयोजन की समाप्ति पर आयोजन समिति सर्व ब्राह्मण युवा एकता संगठन के अध्यक्ष सूरज जोशी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुकेश जोशी, लक्ष्मण जोशी, शांतिलाल पालीवाल, पंडित मनोज ददीक्ष, ईश्वर जोशी, पंडित हेमंत पुरोहित, राकेश भंडारी, गौरव भारद्वाज, हरिश जोशी सहित अन्य ने सूरज जोशी का सम्मान किया।



## रुस्तम अवार्ड मिलने पर टीआई का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मल्हारगंज थाना प्रभारी नीरज बिरथरे को रुस्तम अवार्ड मिलने पर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान विजेन्द्रसिंह चौहान, राकेश गुप्ता, चेतन दीवान मौजूद थे।

## जैन संत के सुने सार्थक उद्गार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राजेश जैन ने बताया कि दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में महाश्रमण आदित्य सागर म.सा. ने सार्थक उद्गार दिए। श्रद्धालुओं ने संत की वाणी का श्रवण किया। आचार्यश्री का पूजन लुहाडिया, हंसमुख गांधी, अशोक खासगीवाला, विकास जैन, अतुल जैन नीलेश जैन, जिनेश जैन, डॉ. जैनेंद्र जैन, डॉ. वीसी जैन, देवेंद्र सोगानी, ऋषभ पाटनी, राहुल स्पोर्ट्स, अशोक अजमेरा, सुरेश पड़ोसी, डीएल जैन अखिलेश सोधिया, भूपेन्द्र जैन ने किया।

## वैभव को अभी नहीं खिलाते, तो कब मौका देंगे-गावस्कर

**नई दिल्ली।** महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट के लिए भगवान का उपहार हैं और उन्हें इंग्लैंड के आगामी सफेद गेंद के दौरे के लिए टीम में चुना जाना चाहिए, भले ही इसके लिए अंतिम एकादश में शीर्ष क्रम के किसी स्थापित बल्लेबाज को बाहर करना पड़े। गावस्कर ने आईपीएल एलिमिनेटर में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सूर्यवंशी की 29 गेंद में 97 रनों की शानदार पारी देखी थी और वह इस किशोर खिलाड़ी के निडर स्ट्रोकप्ले से बेहद प्रभावित हैं, खासकर जिस तरह से उन्होंने पैट कमिंस की गेंद पर सीधा छक्का जड़ा। गावस्कर ने कहा, 2026 को वैभव सूर्यवंशी के साल के तौर पर याद किया जाएगा। वह (सूर्यवंशी) टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हैं।

## गीता के सिद्धांतों से छत्तीसगढ़ में क्रिकेटर गढ़ेंगे इंदौर के अमय

**इंदौर।** क्रिकेट के मैदान से श्रीमद्भागवत गीता की वर्तमान संदर्भों में व्याख्या करने वाले पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अमय खुरासिया की पुस्तक का छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विमोचन किया। रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पर अनौपचारिक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर अमय खुरासिया से युवा क्रिकेट प्रतिभाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि अमय खुरासिया ने क्रिकेट के सिद्धांतों पर आधारित पुस्तक 'आफ्टर 74 ईयर्स' लिखी है, जो देश-विदेश में क्रिकेट और प्रबंधन के क्षेत्र में बेहद लोकप्रिय हो रही है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम के कोच खुरासिया ने बताया कि छत्तीसगढ़ आना मेरे लिए भावुक पल है क्योंकि जब मैं क्रिकेट खेलता था तो वर्तमान छत्तीसगढ़ भी मध्य प्रदेश का ही हिस्सा था। इस लिहाज से मैं छत्तीसगढ़ का ही बेटा हूं और अब यहां के क्रिकेट के विकास की जिम्मेदारी मेरे कंधों पर है। अनौपचारिक भेंट के दौरान अमय खुरासिया ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को अपने पिता स्व. रामसेवक खुरासिया द्वारा आयुर्वेद के सूत्रों पर लिखित पुस्तक भी भेंट की।



## कलेक्टर और निगम कमिश्नर ने किया कार्यो का निरीक्षण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में तालाबों के गहरीकरण तथा पर्याप्त जल पहुंच सुनिश्चित करने हेतु चैनल सफाई एवं जल संरक्षण के कार्य युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर शिवम वर्मा एवं आयुक्त नगर निगम क्षितिज सिंघल द्वारा विभिन्न स्थलों पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर वर्मा द्वारा बिलावली तालाब में गहरीकरण कार्य, मोरोद-माचला चैनल सफाई कार्य, राऊ-बिलावली चैनल सफाई एवं पिचिंग कार्य तथा रालामंडल-बिलावली चैनल सफाई कार्य का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बिलावली तालाब के गहरीकरण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। बताया गया कि अब तक लगभग 32 हजार घनमीटर डिसिल्टिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर एवं निगमायुक्त ने राऊ-बिलावली चैनल पर कॉलोनाइजरों द्वारा किए गए अतिक्रमण का भी निरीक्षण किया। इस दौरान भवन अधिकारी, जोन क्रमांक-13 को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अपर आयुक्त आशीष पाठक ने जानकारी दी कि निगम द्वारा पूर्व में पाइप डालकर किए गए अतिक्रमणों को भी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हटाया गया है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को निर्देशित किया कि राऊ-बिलावली चैनल पर मौजूद सभी स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमणों को चिन्हित कर निगम प्रशासन के समन्वय से शीघ्र हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान रालामंडल-लिंबोदी चैनल चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण भी किया गया। अधिकारियों ने संबंधित तहसीलदार परमार को चिन्हित अस्थायी अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि लिंबोदी-रालामंडल चैनल, लिंबोदी तालाब को भरने के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि रालामंडल पहाड़ी क्षेत्र का पूरा वर्षा जल इसी चैनल से होकर आता है। चैनल पर अतिक्रमण होने के कारण लिंबोदी तालाब पर्याप्त रूप से नहीं भर पा रहा है। इस पर कलेक्टर एवं निगमायुक्त ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बायपास क्षेत्र में स्टॉर्म वाटर ड्रेन की सफाई नहीं होने से हर वर्ष बनने वाली जलभराव की स्थिति को रोकने के लिए निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को तत्काल स्टॉर्म वाटर लाइन की सफाई कराने के निर्देश दिए।

# पहले टी-20 में भारतीय महिलाएं आसानी से जीती, 1-0 की बढ़त ली

**चेम्सफोर्ड ।** भारतीय महिला टीम ने चेम्सफोर्ड में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मेजबान टीम पर 38 रनों की शानदार जीत के साथ अपने इंग्लैंड दौरे की जोरदार शुरुआत की। शानदार बल्लेबाजी, अनुशासित गेंदबाजी और चुस्त फील्डिंग से भरपूर संपूर्ण टीम प्रदर्शन की बदौलत भारत ने एक शानदार जीत हासिल की और तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली।

पहले बल्लेबाजी करने उतरे भारत को शुरुआती झटका तब लगा जब सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना सस्ते में आउट हो गईं। हालांकि, यास्तिका भाटिया और जेमिमा रोड्रिग्स ने महत्वपूर्ण रन जोड़कर पारी को जल्द ही गति दी।

यास्तिका ने 40 गेंदों में 54 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 9 चौके और एक छक्का शामिल था, उनका स्ट्राइक रेट 130 से अधिक था।

इसके बाद रोड्रिग्स ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 40 गेंदों में 69 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और एक छक्का शामिल था। उन्होंने पारी को बखूबी संभाला। डेथ ओवरों में दीप्ति शर्मा की छोटी लेकिन महत्वपूर्ण पारी की बदौलत भारत ने अपने 20 ओवरों में 188 रन बनाकर 7 विकेट खो दिए। इंग्लैंड की गेंदबाजी में लॉरेन बेल का शानदार प्रदर्शन रहा, जिन्होंने अपने चार ओवर के स्पेल में 34 रन देकर 3 विकेट लिए। टिली कॉर्टीन-कोलमैन ने भी बीच के ओवरों में महत्वपूर्ण विकेट लेकर और नियंत्रित गेंदबाजी करके प्रभावित किया। अंतिम ओवरों में थोड़ी वापसी करने के बावजूद, इंग्लैंड को 188 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करना पड़ा। इसके जवाब में, भारत की क्रांति गौड़ ने शुरुआती प्रहार करते हुए सोफिया डंकले और एलिस कैप्सी को आउट कर दिया, जिसके बाद एमी जोन्स ने पीछा करने की कमान संभाली। जोन्स ने 48 गेंदों में 67 रनों की जुझारू पारी खेली, जिसमें 7 चौके शामिल थे, जिससे इंग्लैंड मैच में बना रहा। हीथर नाइट ने भी 21 रन बनाकर महत्वपूर्ण योगदान दिया।

हालांकि, नंदनी शर्मा ने मैच जिताने वाली शानदार गेंदबाजी करते हुए 23 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने अहम मौकों पर मध्य क्रम के प्रमुख बल्लेबाजों को आउट किया और एक ऐसी लय शुरू की जिसने मैच का रुख बदल दिया।

दीप्ति शर्मा ने एक महत्वपूर्ण विकेट लिया, वहीं तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने डेथ ओवरों में अनुशासित गेंदबाजी से योगदान दिया।

जोन्स के अलावा इंग्लैंड के बाकी बल्लेबाज रन बनाने में नाकाम रहे और अंत में इंग्लैंड 38 रनों से हार गया।

# महिलाओं ने भी लगाए चौके छक्के मैदान पर दिखाया अपना जलवा




**इंदौर।** चढ़दी कला ट्रॉफी सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा महिला वर्ग के भी रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे है। प्रतियोगिता का रोमांच प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बच्चों, पुरुषों के साथ अब महिलाएं भी मैदान पर चौके-छक्के लगा रही है। उन्हें देख हर कोई उनकी प्रतिभा का कायल हो रहा है। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम जहां टी-20 वर्ल्ड कप फिर जीतने के इरादे से इंग्लैंड पहुंची है, उसी तरह का जोश इंदौरी मैदान पर सिख समाज की महिलाएं दिखा रही है।

विष्णुपुरी के सचखंड मार्ग स्थित श्री गुरु अरजन देव जी खेल मैदान पर खेली जा रही इस स्पर्धा में महिला वर्ग तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में ब्लेस वारियर ने माता गुजरी को 10 विकेट से पराजित किया। माता गुजरी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 8 विकेट खोकर 40 रनों का स्कोर बनाया। टीम की ओर से बड़ी पारी कोई नहीं खेल सका। जवाब में रविंदर कौर की उम्दा 15 रनों की पारी की बदौलत ब्लेस वारियर्स ने जीत हासिल की। प्रिया टूटेजा ने भी उम्दा प्रदर्शन किया। रविंदर कौर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सिख समाज की महिलाएं मौजूद थी। फाइनल में सरबतदा भला और पावर्स स्ट्राइकर्स का मुकाबला होगा।

पुरुष वर्ग के एक मुकाबले में शेर ए पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 8 विकेट पर 48 रनों का स्कोर बनाया। विष्णुपुरी टाइटंस के गेंदबाजों की सधी गेंदबाजी के आगे शेर ए पंजाब के बल्लेबाज टिक नहीं सके। साहिब सिंह ने 12 और नवनीत सिंह ने 10 रनों का स्कोर बनाया। ये दोनों ही बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को छू सके। हरविंदर सिंह ने 2 व हरमन व अरमान टूटेजा ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में शेर ए पंजाब की भी शुरुआत खराब रही और 4 विकेट जल्द गिर गए थे, लेकिन उसके बाद रिजाक व मनजोत ने उम्दा पारियां खेलकर टीम को 3.5 ओवर में ही जीत दिला दी। रिजाक 12 और मनजोत 28 रन बनाकर नाबाद रहे।

मुकालबों के दौरान सिख समाज की महिलाओं ने पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। महिलाओं ने मैत्री मैच भी खेला और पुरस्कार भी बांटे। इस अवसर पर अमरजीत सिंह बग्गा, प्रीतपाल सिंह भाटिया, उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत हरपाल सिंह भाटिया, चरणजीत सिंह सैनी, हरप्रीत सिंह बक्शी, अमरजीत सिंह भाटिया, सुखजिंदर चहल ने किया।

## खिलाड़ी एवरेस्ट अंतराष्ट्रीय कराते स्पर्धा के लिए नेपाल पहुंचे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विश्व कराते महासंघ के सानिध्य में नेपाल खेल प्राधिकरण के सहयोग से एवं नेपाल कराते महासंघ के तत्वावधान में आज 29 मई से 2 जून को काठमांडू नेपाल में आयोजित होने वाले 12 वे माउंट एवरेस्ट कराते स्पर्धा के लिए एलेट स्पोर्ट्स के खिलाड़ी आरडी विक्टोरियस के बैनर तले भाग लेने के लिए नेपाल पहुंच चुके है। राधिका पंचोले और राधिका पटेल इंदौर जिले के महू के कादरिया ग्राम की ये दोनों खिलाड़ी मध्यप्रदेश को गौरांवित करेंगी। इस स्पर्धा में उनकी टक्कर पाकिस्तान भूटान जापान और कतर से क्वालीफाई राउंड में होंगी ।



## एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट प्रारंभ होगा



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर में आयोजित होने वाले एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर चर्चा जोरों पर है। इसी संदर्भ में खालसा स्टेडियम में प्रैक्टिस मैच खेला गया। जानकारी देते हुए मोयरा सरिया इंदौर पिंक पैंथर के डायरेक्टर संदीप जैन ने बताया कि तीन जून से उषा राजे स्टेडियम पर क्रिकेट की एमपीएल लीग का शुभारंभ हो रहा है जिसमें कुल 10 टीम है और इंदौर पिंक पैंथर इंदौर की टीम है जिसकी प्रेक्टिस जारी है और ग्वालियर की टीम से एक शो मैच खेला जा रहा है इसके पूर्व भी विदर्भ की टीम से तीन मैच खेले जा चुके हैं। मैच की तैयारी काफी अच्छे स्तर पर चल रही हैं। इंदौर पिंक पैंथर टीम की कप्तानी वेंकटेश अय्यर करेंगे और इस बार भी कोच और बोलिंग कोच की जिम्मेदारी अभिषेक पथरोड और अजयसिंह परिहार को दी गई है। मैच दोपहर और शाम दोनों समय खेला जाएगा।

## कबड्डी स्पर्धा की तैयारियां प्रारंभ

**इंदौर।** लकी वाण्डरर्स स्पोर्ट्स केयर परिवार द्वारा 5 से 9 जून तक आयोजित होने वाली जिला. स्तरीय कबड्डी स्पर्धा का भूमिपुजन एसोसिएशन ऑफ़ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष योगेश मेहता,सचिव तरुण व्यास, दीपक रावल, मुकेश पांचोलिया के अतिथ्य में सम्पन्न हुआ इस अवसर पर कन्हैय्या रघुवंशी, संतोष दुबे, राजेश सेठी, संजय बज, दविंदर खनूजा, राजेश नगराले, सूरज गौड़, रितेश मापरे, कीर्ति बाहेती,असलम शेख, आशीष पवार, सुनिल ठाकुर, वीरेंद्र चौधरी, देवेश श्रीवास्तव, योगेश गुर्जर, राजेश वर्मा, जया गोड़, प्रिया केथवास, राजेंद्र सातालकर एवं समस्त खिलाड़ी उपस्थित रहे।



## अंश, आदित्य व प्रथम की अर्द्धशतकीय पारी से सीसीआय सेमीफायनल में

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एमवायसीसी द्वारा आयोजित एमवायसीसी ए ग्रेड एक दिवसयी क्रिकेट स्पर्धा का क्वार्टर फायनल मैच सीसीआय एवं इंदौर कोल्ट्स के मध्य खेला गया जिसमें इंदौर कोल्टस ने पहले खेलते हुए 48 ओवरो में सभी विकेट खोकर 224 रन बनाये । आकाश चैधरी ने 55 रन एवं प्रखर काग ने 51 रन बनाये। वरूण श्रीवास्तव ने 3 विकेट तथा नचिकेत जायसवाल व दिव्यांश शर्मा ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में सीसीआय की टीम ने 34 ओवरो में 4 विकेट खोकर 226 रन बना लिये और यह मैच 6 विकेट से जीतकर सेमीफायनल में प्रवेश सुनिश्चित किया । अंश जाघव ने 68 रन एवं आदित्य यादव ने 66 रन तथा प्रथम संकट ने 51 रन बनाये।

## हार्दिक का राष्ट्रीय स्तर पर उम्दा प्रदर्शन

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के 14 वर्षीय उभरते खिलाड़ी हार्दिक गायकवाड़ ने मोस्ट 2026 (मोतीलाल ओसवाल स्नूकर टूर्नामेंट, गोवा) आल इंडिया 6 रेड, जूनियर स्नूकर स्पर्धा में नेशनल जूनियर स्नूकर रनर-अप और भारत के शीर्ष जूनियर खिलाड़ियों में गिने जाने वाले (तामिलनाडु ) के राहुल विलियम्स को 3-1 के अंतर से पराजित कर बड़ी जीत अपने नाम की। हार्दिक राज्य स्तर पर जूनियर स्नूकर और बिलियर्ड्स में दूसरे स्थान पर रह चुके हैं।



## समर कैंप में खेलकूद स्पर्धा का आयोजन, बच्चों ने दिखाया जोश

**इंदौर।** किड्डी जंक्शन प्ले स्कूल एंड डे केयर सेंटर, बंगाली चौराहा इंदौर में चल रहे ग्रीष्मकालीन समर कैंप के अंतर्गत 'खेलकूद दिवस' का भव्य आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समर कैंप में आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल स्पर्धा के दौरान बच्चों के लिए विशेष रूप से ताइक्वांडो किक, दौड़, बॉल गेम्स, बैलेंस रेस, फन गेम्स, शतरंज, एक्टिविटीज एवं टीम गेम्स का आयोजन किया गया। नन्हे खिलाड़ियों ने हर स्पर्धा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खेल-खेल में अनुशासन एवं टीमवर्क का पाठ सीखा। इस पूरे आयोजन का सफल संचालन अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो कोच एवं शिविर के मुख्य प्रशिक्षक मिथिलेश कैमरे के मार्गदर्शन में किया गया। मिथिलेश कैमरे ने बच्चों को खेलों के माध्यम से जीवन के महत्वपूर्ण मूल्य समझाए। उन्होंने कहा कि खेल सिर्फ मैदान पर जीतने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास जीतने के लिए होते हैं। आज जो बच्चा गिरकर उठना सीखेगा, वही कल जिंदगी की हर रेस जीतेगा



शिविर के समापन पर सभी प्रतिभागी बच्चों को उनकी सहभागिता और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बच्चों के चेहरों की मुस्कान और आत्मविश्वास देखते ही बन रहा था। उपस्थित अभिभावकों ने भी विद्यालय के इस अनूठे प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। समर कैंप का यह 'खेलकूद दिवस' नन्हे बच्चों के लिए एक यादगार एवं आनंदमय अनुभव साबित हुआ।

# हम वैभव को जल्दी बाहर निकालने की कोशिश करेंगे : पार्थिव

**न्यू चंडीगढ़ ( पंजाब ) ।** गुजरात टाइटन्स के सहायक कोच पार्थिव पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 क्वालीफायर 2 से पहले राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी के शानदार फॉर्म की प्रशंसा की, साथ ही यह स्पष्ट किया कि जीटी उनका मुकाबला करने के लिए विशिष्ट रणनीतियां तैयार कर रही है।

पटेल ने कहा कि जीटी ने युवा बल्लेबाज के वीडियो का बारीकी से अध्ययन किया है और अन्य टीमों की तरह, उनका ध्यान मैच में उसे जल्दी आउट करने पर केंद्रित है।

हालांकि, उन्होंने सटीक योजनाओं को गुप्त रखा, यह कहते हुए कि मैदान पर उनका क्रियान्वयन ही परिणाम निर्धारित करेगा। गुजरात टाइटन्स क्वालीफायर दो में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी ताकि मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ फाइनल में जगह बना सके। पटेल न्यू चंडीगढ़ में जीटी और आरआर के बीच होने वाले मुकाबले की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। मुझे उनकी बल्लेबाजी देखकर अच्छा लग रहा है। उम्मीद है कि हम उन्हें मैच की शुरुआत में ही आउट करने की कोशिश करेंगे। सभी टीमों की तरह हमने भी वीडियो देखे हैं। उम्मीद है कि हम अपनी योजना को अमल में ला पाएंगे। लेकिन असल में क्या होगा, यह हम मैदान पर उतरने के बाद ही बता पाएंगे, पटेल ने पत्रकारों से कहा। वह असाधारण प्रतिभा के धनी हैं, जिस तरह से वह खेल रहे हैं। उन्हें खेलते देखना बहुत अच्छा लगता है। विपक्षी टीम की ओर से, हम उम्मीद करते हैं कि कल वह अच्छा प्रदर्शन न करें, पटेल ने आगे कहा।



इस सीजन में सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने 15 पारियों में 45.33 के औसत और 242.85 के स्ट्राइक रेट से 680 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 103 है। उन्होंने 280 गेंदों का सामना करते हुए 55 चौके और 65 छक्के लगाए हैं।







# दो कारों में जोरदार भिड़ंत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बीती रात विजय नगर क्षेत्र में दो कारों में जोरदार भिड़ंत हो गई। रसोमा चौराहा से गुजर रही कार क्रमांक एमपी 13 एएल 0115 और एमपी 13 एके 5888 के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर से दोनों कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार सवार लोगों को भी चोंट आई है। पुलिस भी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची।

# पैदल जा रही युवती को कार ने मारी टक्कर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तुकोगंज थाना क्षेत्र में घंटाघर चौराहे पर सड़क पार कर ऑफिस जा रही एक युवती को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में युवती घायल हो गई। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। गोमा की फेल में रहने वाली 18 वर्षीय माही चौहान ने पुलिस को बताया कि जब वह पैदल अपने घर से ऑफिस जा रही थी। जैसे ही वह घंटाघर चौराहे पर पहुंची, तभी रीगल की ओर से तेज गति से आ रही एक अज्ञात कार के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में माही सड़क पर गिर गई और उसकी ठुड्डी में चोट आई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कचरा डालने के विवाद में युवक पर पत्थर से हमला, सिर फोड़ा

**इंदौर।** चंदननगर थाना क्षेत्र स्थित गीता नगर में कचरा डालने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर पत्थर से हमला कर दिया गया। हमले में युवक के सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा।

गीता नगर में रहने वाले 24 वर्षीय सोनू पठान ने थाने पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई है कि गुरुवार 28 मई दोपहर करीब 3 बजे वह घर के पास सड़क किनारे सब्जियों के छिलके और पुरानी सब्जी पशुओं के खाने के लिए डाल रहा था। इसी दौरान पड़ोसी रसीद पठान वहां आया और कचरा डालने को लेकर विवाद करने लगा। आरोपी ने उसे गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। मना करने पर आरोपी और उग्र हो गया और जमीन से पत्थर उठाकर उसके सिर पर मार दिया। हमले से फरियादी के सिर में चोट आई और खून बहने लगा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी रसीद पठान के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# टेंट हाउस के सामने मिला युवक का शव

## हत्या और हादसे दोनों एंगल से जांच में जुटी पुलिस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**महू थाना इलाके के तांगा खाना में कल दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब सड़क किनारे एक युवक का खून से लथपथ शव बरामद हुआ। युवक के शरीर पर चोट और खून के गहरे निशान मिलने से क्षेत्र में हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही महू थाना पुलिस और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम तुरंत मौके पर पहुँची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए हर संभावित पहलू पर अपनी पड़ताल शुरू कर दी है।**

महू पुलिस के मुताबिक, यह वारदात तांगा खाना क्षेत्र में स्थित खनूजा टेंट के ठीक सामने कल दोपहर घटित हुई। रास्ते से गुजर रहे राहगिरों ने जब युवक को लहूलुहान और अचेत अवस्था में जमीन पर पड़ा देखा, तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम जब मौके पर पहुँची, तो युवक की मौत हो चुकी थी। मृतक के शरीर और कपड़ों पर खून के कई निशान पाए गए, जिससे प्राथमिक तौर पर मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने तुरंत घटनास्थल की घेराबंदी की और साक्ष्य सुरक्षित किए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों और जेब से मिले दस्तावेजों के आधार पर पुलिस ने मृतक की शिनाख्त उज्ज्वल निवासी पीठा रोड, महू के रूप में की है। उज्ज्वल का शव उसके घर से कुछ दूरी पर इस हालत में कैसे पहुँचा और दोपहर के वक्त उसके साथ क्या हुआ था, इसे लेकर पुलिस आसपास के दुकानदारों और रहवासियों से पूछताछ कर रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए इंदौर से फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से उंगलियों के निशान और अन्य महत्वपूर्ण वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए हैं।

पुलिस के अनुसार युवक की मौत किन परिस्थितियों में और किस वजह से हुई, इसकी बेहद बारीक जांच की जा रही है। शरीर पर मिले खून और चोट के निशानों को देखते हुए पुलिस इसे केवल एक सामान्य हादसा मानकर नहीं चल रही है। ' अंधे कत्ल और सड़क दुर्घटना दोनों ही दृष्टिकोण को सामने रखकर मामले की पड़ताल में जुटी है। मौत के वास्तविक और सटीक कारणों का खुलासा डॉक्टरों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

# अनियंत्रित होकर पलटी कार



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। नावदापंथ के समीप एक कार पलटने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है गुजरात पासिंग कार क्रमांक जीजे 06 आरबी 8527 अनियंत्रित होकर टर्न पर पलट गई। गनीमत रही कि कार सवारों को गम्भीर चोट नहीं आई।**

# शातिर चाकूबाज गिरफ्तार, पूर्व में भी दर्ज हैं कई गंभीर मामले

## *एफआरवी टीमों ने सतर्कता दिखाते हुए अलग-अलग क्षेत्रों से दबोचा, आरोपियों के कब्जे से अवैध धारदार चाकू जब्त*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ इंदौर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष ऑपरेशन क्लीन के तहत लसूडिया थाना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। क्षेत्र में रात्रि गश्त के दौरान शेडो एरिया चेकिंग कर रहे मुस्तैद पुलिस जवानों ने अलग-अलग स्थानों से दो शातिर अपराधियों को अवैध हथियारों के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपी पुराने और आदतन अपराधी हैं, जिन पर पूर्व में भी शहर के विभिन्न थानों में चोरी, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट जैसे कई गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

लसूडिया थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से देर रात विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एफआरवी-16 और एफआरवी-18 में ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवानों द्वारा क्षेत्र के सूने और अंधेरे वाले स्थानों शेडो एरिया की सघन चेकिंग और संदिग्धों की तलाशी की जा रही थी। इस दौरान अरंडिया बायपास क्षेत्र में घूम रहे एक संदिग्ध युवक की जब पुलिस टीम ने तलाशी ली, तो उसके पास से एक अवैध धारदार चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अजय पिता रामेश्वर जाधव निवासी- पुराना गांधी नगर, इंदौर) बताया।





इसी कड़ी में दूसरी कार्रवाई एफआरवी टीम द्वारा महालक्ष्मी नगर के आनंद वाटिका क्षेत्र में की गई। यहाँ भी देर रात संदिग्ध रूप से घूम रहे एक अन्य युवक को पुलिस जवानों ने घेराबंदी कर रोका और उसकी तलाशी ली। चेकिंग के दौरान उसके कब्जे से भी एक घातक धारदार चाकू मिला। पुलिस ने तत्काल आरोपी को हिरासत में लिया, जिसकी पहचान जतिन पिता संतोष शिन्दे निवासी- स्कीम नंबर 78, इंदौर के रूप में हुई है। लसूडिया पुलिस ने दोनों ही मामलों में तत्परता दिखाते हुए आरोपियों के खिलाफ आबकारी व आर्म्स एक्ट की प्रासंगिक धाराओं के तहत अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की जब पुलिस रिकॉर्ड में कुंडली खंगाली गई, तो सामने आया कि दोनों ही आरोपी बेहद शातिर हैं और पूर्व में भी कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। इनके खिलाफ इंदौर के अन्य थानों में चोरी, मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध हथियार रखने के मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस अब दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है कि वे देर रात इन क्षेत्रों में चाकू लेकर किस बड़ी वारदात को अंजाम देने की नीयत से घूम रहे थे। इस पूरी कार्रवाई में लसूडिा थाने की एफआरवी-16 और एफआरवी-18 में पदस्थ पुलिस जवानों ने अत्यधिक सतर्कता और मुस्तैदी का परिचय दिया, जिससे क्षेत्र में होने वाली संभावित वारदातें समय रहते टल गईं।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।